दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 262 | जयपुर, शुक्रवार, 01 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- द्वितीय, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### 7 IAS के तबादले, कुमार पाल गौतम आवासन आयुक्त

**जयपुर।** राज्य सरकार ने देर रात सात आईएएस के तबादले कर दिए हैं। इनमें बाबूलाल गोयल को ग्रेटर निगम आयुक्त और कुमार पाल गौतम को राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त के पद पर लगाया है। इनके अलावा महेंद्र सोनी को अतिरिक्त महानिदेशक, एचसीएम रीपा एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव, प्रशिक्षण राजस्थान, ओम प्रकाश कसेरा को आयुक्त आबकारी विभाग पदेन मद्य निषेध निदेशक, टीकमचंद बोहरा को जिला कलेक्टर शाहपुरा, हनुमान मल ढाका को एमडी राजफैड, डॉ. मंजू को संयुक्त शासन सचिव ऊर्जा विभाग लगाया है। वहीं सुधीर कुमार शर्मा आयुक्त उद्योग वाणिज्य एवं कॉर्पोरेट, सामाजिक जिम्मेदारी एवं आयुक्त विनियोजन एवं प्रवासी भारतीय निवेश संवर्धन ब्यूरो राजस्थान, कुमार पाल गौतम को कार्यकारी निदेशक राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड रुडसिको और ताराचंद मीणा को एमडी आरएसएमडीसी का अतिरिक्त कार्यभार दिया है।

### जोहान्सबर्ग में इमारत में आग, 73 लोगों की मौत



जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गई और 52 अन्य झुलस गए। इस इमारत में प्रवासी लोग रहते थे। अधिकारियों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि शहर के मध्य में स्थित पांच मंजिला इमारत में आग किस वजह से लगी। बड़ी संख्या में आपात और बचावकर्मी घटनास्थल पर तैनात हैं, क्योंकि अब भी शव निकाले जा रहे हैं।

### पूर्व इसरो अध्यक्ष सिवन IIT इंदौर में अध्यक्ष नियुक्त

**इंदौर।** इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. सिवन को तीन साल के लिए इंदौर के आईआईटी के संचालक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा,"संस्थान में डॉ. सिवन को पाकर हम बहुत खुश और उत्साहित हैं।

**वंशवाद पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा का प्रहार... कांग्रेस और भाजपा में परिवारवादी नेताओं की भरमार**

# बेटे-बेटी को राजनीति में लाने वाले नेता डूब जाते हैं जल्दी

बेधड़क | दौसा

विधानसभा चुनाव में अपने पुत्र-पुत्री को मैदान में उतारने के लिए टिकट की दौड़ में लगे कांग्रेस नेताओं को चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने सीधी नसीहत दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि बेटों को राजनीति सौंपने वाले जल्दी डूबते हैं, इसलिए मैंने अभी तक अपने बेटों को मेरी राजनीति विरासत नहीं सौंपी।

लालसोट विधानसभा क्षेत्र की कांकरिया ग्राम पंचायत में क्लासरूम का शिलान्यास करने के बाद चिकित्सा मंत्री मीणा ने



आमसभा में परिवारवाद और वंशवाद को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा कि आपसे जो वोट मांगने आए, उनके पूर्वज भी विधायक रहे हैं। उनके पूर्वजों ने कितना विकास कार्य कराया, आप उसका हिसाब लें।

### मूल्यांकन करें विकास कार्यों का

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल में से मैं 27 साल छह महीने लालसोट विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि रहा हूं। बाकी कार्यकाल दूसरे लोगों का भी रहा है। इस दौरान मेरे कार्यकाल में हुए विकास कार्य और दूसरों के विकास कार्यों का मूल्यांकन करें। मीणा ने कहा कि हमारी सरकार चली जाती तो हम विकास कार्य नहीं करा पाते।

### कई नेता जुटे परिवारवाद बढ़ाने में

कांग्रेस और भाजपा में कई नेता पार्टी लाइन से विपरीत जाकर परिवारवाद को बढ़ाने में जुट गए हैं। कई उम्रदराज नेता इसी उधेड़बुन में सक्रिय हो गए हैं कि वे खुद के लिए तो टिकट मांग ही रहे हैं, साथ ही इस जुगाड़ में भी हैं कि यदि उन्हें नहीं तो उनकी जगह परिवार के किसी सदस्य को ही टिकट मिले।

### कांग्रेस में ये नेता लगे हैं जुगत बिठाने में

कांग्रेस में श्रीमाधोपुर से दीपेंद्र सिंह अपने पुत्र बालेन्दु सिंह, शिव से अमीन खां अपने पुत्र शेर मोहम्मद, कोटा उत्तर से शांति धारीवाल अपने पुत्र अमित धारीवाल, करणपुर से गुरमीत सिंह कुन्नर अपने पुत्र रूपिंदर, धोद से परसराम मोरदिया अपने पुत्र महेश और राकेश के लिए टिकट मांग रहे हैं। वहीं, बगरू से गंगादेवी अपने पुत्र रवि, खेतड़ी से जितेंद्र सिंह अपनी पुत्री सोनिया सिंह, कठूमर से बाबूलाल बैरवा अपने पुत्र अवधेश बैरवा, गुड़ामालानी से हेमाराम चौधरी अपनी पुत्री सुनीता चौधरी और खंडेला से महादेवसिंह खंडेला अपने पुत्र गिरिराज सिंह के लिए टिकट मांग रहे हैं।

### BJP में भी बच्चों के टिकट अभिलाषी

भाजपा में पूर्व मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर अपने पुत्र धनंजय सिंह, सीकर पूर्व विधायक रतन जलधारी अपने पुत्र रमेश जलधारी, पूर्व मंत्री बंशीधर बाजिया अपने पुत्र राहुल बाजिया, पूर्व मंत्री कृष्णेन्द्रकौर दीपा अपने पुत्र दुष्यंत सिंह, पूर्व मंत्री रामप्रताप अपने पुत्र अमित और पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी अपने पुत्र समनजीत सिंह, विधायक सूर्यकांता व्यास अपने पोते योगेश कुमार और गुरजंट सिंह अपने पोते गुरबीर सिंह को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। वहीं, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह खुद के साथ ही अपने पुत्र देवायुष तथा विधायक नरपतसिंह राजवी खुद या अपने पुत्र अभिमन्यु सिंह के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक बुलाया 'संसद का विशेष सत्र'**

# वन नेशन-वन इलेक्शन यूसीसी या कुछ और...

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक 'संसद का विशेष सत्र' बुलाया है, जिसमें पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, "संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है। इसमें पांच बैठकें होंगी।"


संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर तो कुछ भी नहीं कहा गया है। अलबत्ता, अटकलों के बाजार के साथ देश की सियासत गरमा गई है। सूत्रों के हवाले से मीडिया में खबरें आ रही हैं कि केंद्र सरकार का इस सत्र को बुलाने का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव साथ कराने संबंधी विधेयक लाने का है। इससे सियासी हलकों में खलबली है। खासकर, तब जब 28 दलों के दर्जनों नेता विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के लिए मुंबई में हैं। इस गठबंधन के नेता सरकार पर उनकी एकता से घबरा कर यह निर्णय लिया है।

विपक्ष की ओर से इस ऐलान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'ऐसी कौन सी इमरजेंसी है? शीतकालीन सत्र भी तो होना है।' विपक्ष के सवाल के बीच समय पूर्व चुनाव, संसद की नई बिल्डिंग में प्रवेश, चंद्रयान और जी 20, विधानसभा चुनाव से पहले कोई बड़ा फैसला, एक देश एक चुनाव का बिल या कुछ और... इसको लेकर चर्चा जारी है। इस सत्र में 10 से ज्यादा महत्वपूर्ण बिल भी पेश किए जा सकते हैं।

## सवाल पर गरमाई सियासत

**'इंडिया' गठबंधन का आरोप...** हमारी एकता से घबराई सरकार का यह कदम

**कांग्रेस नेता अधीर रंजन का सवाल...** ऐसी क्या इमरजेंसी, इतनी जल्दी क्यों?



### पुराने के साथ नए संसद भवन की फोटो पर कयास

अपनी पोस्ट के साथ प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर संसद के पुराने भवन के साथ ही नए भवन की तस्वीर भी साझा की है। सूत्रों के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को किया था। संसद के नए भवन से जुड़े निर्माण कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि यह सत्र की मेजबानी के लिए तैयार हो सके।

### जी 20 या चंद्रयान-3 का कनेक्शन!

हाल ही में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पर चंद्रयान-3 पहुंचा है और इससे पहले कोई भी देश ऐसा कारनामा नहीं कर पाया है। वहीं, जी 20 के आयोजन के कुछ ही दिन बीते होंगे, जब यह सत्र शुरू होगा। ऐसे में इन मुद्दों पर भी संसद के भीतर सरकार अपनी बात रख सकती है।

### समय पूर्व चुनाव के भी दावे

विपक्ष की ओर से दावे किए जा रहे हैं कि मोदी सरकार इस बार समय से पहले चुनाव करा सकती है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार दावा कर चुके हैं कि मोदी सरकार 'इंडिया' गठबंधन के कारण घबराहट में दिसंबर में विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा का चुनाव भी करवा सकती है। हालांकि सरकार के मंत्री और बीजेपी नेता ऐसी बात को नकारते रहे हैं।



### हिंदू भावनाओं के खिलाफ: शिवसेना

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की प्रियंका चतुर्वेदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गणेश चतुर्थी के महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह हिन्दुओं की भावना के खिलाफ है। इसकी तिथियों के चुनाव को लेकर आश्चर्यचकित हूं।'



### अडाणी पर खुलासे व इंडिया की बैठक है वजह: कांग्रेस

कांग्रेस ने सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाने के फैसले पर आरोप लगाया कि कारोबारी अडाणी समूह के खिलाफ नए खुलासे होने और मुंबई में जारी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के चलते समाचारों का प्रबंधन करने की कवायद के तहत विशेष सत्र की घोषणा की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान भी अडाणी समूह के मामले में जेपीसी की मांग जारी रहेगी।

**1 दिन पहले दिए बयान पर बोले CM**

## वो मेरी निजी राय नहीं... मैंने हमेशा न्यायपालिका का किया है सम्मान

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान एवं उस पर विश्वास किया है। गहलोत ने बुधवार को आरोप लगाया था कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त है। मैंने सुना है कि कुछ वकील खुद ही फैसला लिखकर लाते हैं और वही फैसला सुनाया जाता है। सीएम ने कहा था कि न्यायपालिका में क्या हो रहा है? चाहे निचली हो या ऊपरी अदालतें, चीजें गंभीर हैं और लोगों को इसके बारे में सोचना चाहिए।

### हर व्यक्ति करे न्यायपालिका का सम्मान

सीएम गहलोत ने कहा कि कल मैंने ज्यूडिशियरी के करप्शन को लेकर जो कहा था वो मेरी निजी राय नहीं हैं। मैंने हमेशा ज्यूडिशियरी का सम्मान एवं उस पर विश्वास किया है। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीशों व रिटायर्ड मुख्य न्यायाधीशों तक ने ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार पर टिप्पणयां की हैं और उस पर चिंता व्यक्त की है। मेरा न्यायपालिका पर इतना विश्वास है कि मुख्यमंत्री के रूप में जजों की नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट कॉलेजियम की ओर से जो नाम हमारे पास टिप्पणी के लिए आते हैं, मैंने उन पर भी कभी कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है। मेरा स्पष्ट मानना है कि हर नागरिक को न्यायपालिका का सम्मान करना चाहिए और ज्यूडिशियरी पर विश्वास करना चाहिए। इससे लोकतंत्र मजबूत होगा।

**रामदेवरा मेले पर मुख्यमंत्री की सौगात**

## अन्य राज्यों से आने वाले यात्री वाहनों को टैक्स में बड़ी छूट

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार की ओर से जैसलमेर जिले के रामदेवरा तीर्थ के वार्षिक मेले में अन्य राज्यों से आने वाले यात्री वाहनों को टैक्स में छूट देने का निर्णय लिया है।

सीएम अशोक गहलोत ने वित्त विभाग के इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि मेले में आने वाले यात्री वाहनों से 10 दिवस की अवधि के लिए देय कर लगभग 17 हजार रुपए प्रति वाहन होता है। अब सीएम की स्वीकृति के बाद यात्री वाहन संचालकों से मात्र 6,500 रुपए ही लिए जाएंगे।

रामदेवरा वार्षिक मेले में अन्य राज्यों से लगभग 1,500 वाहनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इन्हें राहत देने के लिए वाहन और पथ करों में छूट के निर्णय से राज्य सरकार लगभग 1.57 करोड़ रुपए का वित्तीय भार वहन करेगी।

**बदमाशों का लालच संतों की जान पर भारी**

# साढ़े चार साल में 20 संत-पुजारियों की भूमाफियाओं और चोरों ने ली जान

- भूमाफिया के हमलों या दबाव से हर साल 4 पुजारी और संत गंवा रहे जान
- चोरी की वारदातों में भी हमले के कारण थम चुकी हैं सांसें
- कई वारदातों के बाद फूटा है जनता का आक्रोश, शव रख किए प्रदर्शन

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अब उनका लालच पुजारी और संतों तक की जान ले रहा है। मन्दिरों और उनकी संपत्तियों पर अपराधियों की बुरी नजर पुजारियों के लिए जानलेवा बन गई है। इसी कारण से हर साल करीब चार पुजारी या संत की जान जा चुकी है। प्रदेश में करीब साढ़े चार साल में पुजारियों-संतों की हत्या-आत्महत्या से जुड़े 20 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। दरअसल, या तो लालची समाज कंटकों ने इनकी




जान ली या उनसे परेशान होकर पुजारियों को खुदकुशी करनी पड़ गई। इनमें करीब 14 हत्या और 6 के आत्महत्या करने के प्रकरण दर्ज हुए हैं।

### ऐसी घटनाओं पर गरमाती है राजनीति

टोंक जिले के मालपुरा डिग्गी में 93 वर्षीय महंत सियाराम दास बाबा की 30 अगस्त को हुई हत्या इस महीने का ऐसा दूसरा मामला है। इससे पहले डीडवाना-कुचामन जिले के रसाल गांव के संत मोहन दास की हत्या से माहौल गरमाया था। इससे पहले भरतपुर के पसोपा गांव में अवैध खनन के विरोध में संत विजयदास, जालोर के राजपुरा गांव में जमीन विवाद के चलते संत रविनाथ की खुदकुशी और जयपुर के मुरलीपुरा में मंदिर कमेटी से परेशान होकर पुजारी के आत्महत्या करने का मामले में माहौल बहुत गरमाया था। वहीं, दौसा के टिकरी गांव में पुजारी शंभू शर्मा की मौत, राजसमंद जिले के हीरा की बस्सी गांव में भूमाफिया द्वारा पुजारी और उसकी पत्नी को पेट्रोल बम से जलाने के मामले भी काफी तूल पकड़ चुके हैं। इन प्रकरणों पर ग्रामीणों और राजनेताओं ने कई दिनों तक शव रखकर प्रदर्शन तक किए थे।

### कुल 110 मामले हो चुके दर्ज

प्रदेश की पुलिस के रिकॉर्ड को देखें तो बीते कुछ ही सालों में मंदिरों की संपत्तियों को हड़पने की नीयत से पुजारियों पर अत्याचार के कुल 110 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 50 प्रकरणों में अपराधियों के विरुद्ध चालान, 48 प्रकरणों में एफआर पुलिस पेश कर चुकी है। वहीं, 12 प्रकरण का अनुसंधान जारी है।

> "मंदिर माफी की जमीन पर या तो भूमाफियाओं के कब्जे हैं या वे कब्जाना चाहते हैं। वहीं, मंदिरों में चोरी की नियत से भी ऐसे हमले हो रहे हैं। ऐसे हमलावरों और हत्यारों को पता होता है कि पुजारी या संत के पीछे कोई नहीं है, इस वजह से वे सबूत नहीं होने के कारण सजा से भी बच जाते हैं।
>
> **सुनील तिवारी**, विप्र सेना प्रमुख

> "कई बार गल्ले, मंदिर की आमद और संपत्ति पर लोगों की नजर होती है। इसलिए हमले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसा करने वाले धर्मविरोधी भी हो सकते हैं।
>
> **-स्वामी बाल मुकुंदाचार्य महाराज**, हाथोज धाम

**जरूरी खबर**

### दलित युवकों की हत्या की जांच करेगी BJP समिति



**जयपुर।** कुचामन में पिछले दिनों वाहन से कुचल कर दो दलित युवकों की हत्या किए जाने से जुड़े मामले की जांच के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सांसदों की एक चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति घटना स्थल का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। इस समिति की अगुवाई राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस प्रमुख बृजलाल करेंगे। इसके सदस्यों में कांता कर्दम (राज्यसभा), रंजीता कोली (लोकसभा) और सिकंदर कुमार (राज्यसभा) शामिल हैं।

### CLG सदस्य और सुरक्षा सखी से सुझाव लेंगे DGP

**जयपुर।** मिशन 2030 अभियान को लेकर डीजीपी उमेश मिश्रा शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे तक प्रदेश के सभी जिलों के सीएलजी सदस्यों और सुरक्षा सखियों से सुझाव प्राप्त करने के लिए वर्चुअली जुड़ेंगे। मिश्रा ने बताया कि सीएम गहलोत की मंशा के अनुसार पुलिस विभाग से संबंधित विजन का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इस अभियान के तहत राज्य स्तर और जिला स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीएलजी सदस्यों और सुरक्षा सखियों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए सभी जिला एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

### पार्टी में भाजपा तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाती है



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने विधायक कैलाश मेघवाल के बयान को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपनी बात कहना भी बीजेपी में एक अपराध है। विधायक कैलाश मेघवाल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप क्या लगा दिया पार्टी ने उन्हें नोटिस भेज दिया। जिससे ये साफ है कि बीजेपी देश में ही नहीं बल्कि अपनी पार्टी के अंदर भी तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाती है। पालीवाल ने कहा कि बीजेपी खुद को अनुशासनात्मक पार्टी बताती है, लेकिन उसके नोटिस ने सच्चाई उजागर कर दी।

**पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पर कार्रवाई की तैयारी,** प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा- पार्टी लेगी एक्शन

# कैलाश के तीखे प्रहार की चुभन BJP के दिल्ली दरबार तक

■ अर्जुन राम मेघवाल ने कहा- वाड्रा का मुद्दा उठाया तब से गहलोत लगे पीछे





**बेधड़क** | जयपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक कैलाश मेघवाल के केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर पार्टी का दिल्ली दरबार पूरी तरह से गंभीर है। माना जा रहा है कि कैलाश मेघवाल को भाजपा बाहर का रास्ता दिखा सकती है। माना जा रहा है कि मीडिया में आए कैलाश मेघवाल के बयानों पर प्रसंज्ञान लेकर उन्हें तुरंत पार्टी से निलंबित किया जा सकता है। गुरुवार को यहां आए प्रदेश भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की छवि स्वच्छ है। अर्जुनराम मेघवाल विद्वान व्यक्ति हैं, चुनाव के समय कोई ऐसा बयान देता है तो निश्चित तौर पर उनकी मंशा कुछ और होगी। पार्टी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कैलाश मेघवाल पर पार्टी उचित कार्रवाई करेगी। अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत और कैलाश मेघवाल ने एक दूसरे की तारीफ की है, यह मिली-भगत का खेल दिख रहा है। मुख्यमंत्री की केन्द्रीय मंत्री मेघवाल की जांच कराने के सवाल पर अरुण सिंह ने कहा कि पहले क्यों नहीं दिखा भ्रष्टाचार, यह मुख्यमंत्री गहलोत की ओछी मानसिकता है, लेकिन जनता सब समझती है।

**केन्द्रीय मंत्री का मुख्यमंत्री पर वार**




मुख्यमंत्री के बयान को लेकर कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर में कहा कि जब से मैंने रॉबर्ट वाड्रा का मुद्दा उठाया है तब से गहलोत मेरे पीछे पड़े हैं। गहलोत मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच कराने की बात कह रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अब तक जांच क्यों नहीं कराई? मेघवाल ने कैलाश मेघवाल पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कैलाश मेघवाल भाजपा के विधायक होते हुए भी सीएम गहलोत की तारीफ करते हैं। वे गहलोत को खुश करने में लगे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव वे कांग्रेस से चुनाव लड़ना चाहते हैं, इसलिए वे मेरी आलोचना तो करेंगे ही।

**कांग्रेस में जाने की चर्चा**

विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतों के अंतर से जीतने वाले शाहपुरा विधायक कैलाश मेघवाल की जीत 1977 के चुनाव के बाद से लेकर अब तक की सबसे बड़ी जीत थी। 74,542 मतों के अंतर से जीतकर मेघवाल ने इस बार राजस्थान में रिकॉर्ड बनाया है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि मेघवाल पर यदि पार्टी कार्रवाई करती है तो वे कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं।

**विधानसभा चुनाव:** टिकट के दावेदारों पर मंथन में जुटी पार्टियां

# भाजपा परिवर्तन यात्रा में करेगी परख, कांग्रेस की कवायद जारी

■ इतिहास बनने वाला है, कांग्रेस दोबारा सत्ता में आएगी: गोगोई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियों के बीच विधानसभा चुनावों से पहले सभी 200 विधानसभा सीट पर टिकट वितरण को लेकर मंथन हो रहा है। इसी को लेकर हर विधानसभा सीट पर तीन संभावित दावेदारों का पैनल बनाने के लिए कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की कवायद जारी है। वहीं भाजपा का फोकस पूरी तरह से परिवर्तन संकल्प यात्रा पर है। इस यात्रा में भाजपा भी अपने दावेदरों को परखेगी।

वहीं विधानसभा चुनाव के लिए गठित कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने गुरुवार को उदयपुर-बांसवाड़ा संभाग के पार्टी नेताओं के साथ वन-वन टू बन बैठक की। गोगाई के साथ कमेटी के सदस्य गणेश गोदियाल, अभिषेक दत्त और एआईसीसी से वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों और अन्य संबंधित नेताओं से चर्चा की। उदयपुर के एक होटल में हुई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद गौरव गोगाई ने कहा कि राजस्थान में इतिहास बनने वाला है और राज्य में कांग्रेस पार्टी दोबारा सत्ता में आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति कांग्रेस के पक्ष में नहीं होती तो आज टिकट के इतने उम्मीदवार नहीं होते। उन्होंने होटल के बाहर खडी भीड़ का जिक्र करते हुए कहा कि यह जो लोगों की संख्या है, उसी से प्रमाणित होता है कि हवा का रुख किस ओर है।



**कांग्रेस नेताओं का विरोध जारी**

कांग्रेस में विधानसभा सीट पर बाहरी नेताओं को टिकट नहीं देने की मांग पर कांग्रेस नेताओं का विरोध जारी है। उदयपुर शहर सीट से दावेदारी जता रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ की होटल में एंट्री होने के साथ ही स्थानीय दावेदारों ने नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध की सूचना गोगोई को मिलने के बाद गोगोई ने सभी दावेदारों से एक साथ मुलाकात कर आवेदन लिए। वहीं इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि टिकट लोकल को ही दिया जाए। वहीं उदयपुर शहर विधानसभा में भी लोकल उम्मीदवार को लेकर गोगोई से बात की गई। इधर भींडर पंचायत समिति के पूर्व प्रधान कुबेर सिंह चावड़ा भी यहां वल्लभनगर विधानसभा सीट से दावेदारी जताने आए थे। वे गोगोई के समय नहीं देने पर भड़क गए।

**परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत कल से**



भारतीय जनता पार्टी की 2 सितंबर को परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत रणथंबौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से होगी। इसमें टिकट की कतार में जुटे सभी दावेदारों को जब यात्रा उनकी विधानसभा से गुजरेगी तो दम-खम दिखाना होगा। जिसे देखकर केंद्रीय नेतृत्व यह तय करेगा कि कौन मजबूत दावेदार हैं। तैयारियों और रूटमैप को लेकर सवाईमाधोपुर के होटल में गुरुवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एंव परिवर्तन यात्रा के संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि यात्रा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा का शुभारंभ त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर मंत्रोच्चार व पूजा अर्चना के साथ होगा। परिवर्तन संकल्प यात्रा का रथ स्थानीय दशहरा मैदान सभा स्थल पर पहुंचेगा। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जनसभा को संबोधित करेंगे उसके बाद हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना करेंगे।

**पीले चावल दे जनसमूह को बुला रहे**

दशहरा मैदान में होने वाली जनसभा के लिए गांव-गांव और ढाणियों में पीले चावल देकर जनसमूह को बुलाया जा रहा है। सभा के दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित कोर कमेटी के सदस्य और केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। जनसभा सुबह 11 बजे शुरू होगी उसके बाद जेपी नड्डा हरी झंडी दिखाकर यात्रा के साथ चलेंगे। परिवर्तन संकल्प यात्रा 18 दिन चलेगी, जिसमें संभाग की हर विधानसभा क्षेत्रों से होकर यात्रा गुजरेगी। यात्रा के मार्गों पर चिन्हित स्थानों पर छोटी आमसभाएं, चौपाल और नुक्कड़ सभा सहित स्वागत सत्कार कार्यक्रम होंगे।

**भाजपा में** सियासत

## बीजेपी की परिवर्तन से पहले वसुंधरा राजे की धार्मिक यात्रा

■ राजे आज उदयपुर संभाग में एक दिवसीय यात्रा पर



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में सामूहिक नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्राओं की शुरुआत से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को राज्य के तीन मंदिरों की एक दिवसीय "धार्मिक यात्रा' पर जाएंगी। राजे इससे पहले राज्य में चुनावी यात्राओं का नेतृत्व कर चुकी हैं, जो राजसमंद के चारभुजा नाथ मंदिर से शुरू हुई थी, लेकिन इस बार भाजपा ने सामूहिक नेतृत्व में 'परिवर्तन यात्रा' नाम से चार यात्राएं निकालने का फैसला किया है।

प्रत्येक यात्रा की शुरुआत अलग-अलग केंद्रीय नेता करेंगे। पिछले चुनावों में जब उन्होंने यात्रा का नेतृत्व किया था तो राजे मुख्यमंत्री का चेहरा थीं, लेकिन इस बार पार्टी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जाएगा। इसलिए इस बार कोई चेहरा पेश नहीं किया गया है। इस बार पार्टी ने एक की बजाय चार परिवर्तन यात्रा निकालने का फैसला किया है। राजे शुक्रवार को चारभुजा नाथ मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर (दोनों राजसमंद में) और बांसवाड़ा में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर जाएंगी। राजे शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे राजसमंद के चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेंगी और वहां पूजा-अर्चना करेंगी।

चारभुजानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राजे राजसमंद के नाथद्वारा के लिए रवाना होंगी, जहां वह पूर्वाह्न सवा 11 बजे श्रीनाथजी के दर्शन करेंगी। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर सवा एक बजे बांसवाड़ा जिले के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर भी जाएंगी।

राजे त्रिपुरा सुंदरी में प्रगाढ़ श्रद्धा रखती हैं। राजे हेलीकॉप्टर में यात्रा करेंगी। बांसवाड़ा से वह कोटा जाएंगी और पूर्व भाजपा विधायक प्रहलाद गुंजल के भाई को श्रद्धांजलि देंगी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। वह शाम को जयपुर लौटेंगी।

**भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष** ने संभाला पदभार

## ईडी और सीबीआई से क्यों डर रहे हैं मुख्यमंत्री गहलोत: सीपी जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पर केंद्रीय जांच एजेंसी को लेकर दिए बयानों पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि ईडी और सीबीआई से गहलोत डर क्यों रहे हैं। अगर वे दोषी नहीं है तो उन्हें डरना नहीं चाहिए।

जांच एजेंसी के ऊपर मुख्यमंत्री सवाल उठा रहे हैं, लगता है उन्हें अपनी पार्टी के नेताओं पर भरोसा नहीं है। जोशी गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा के पदभार ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का न्यायिक प्रक्रिया पर उंगली उठाना एक हताशा का कारण है। वहीं एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय शंकर पटेल जनसंघ की विचारधारा से जुड़े हुए थे। विधानसभा चुनावों में प्रदेश के 70 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर मोदी सरकार की योजनाओं का प्रसार करेंगे। इस दौरान पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, श्रवण सिंह बगड़ी, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, विधायक समाराम गरासिया मौजूद रहे।



**हेरिटेज महापौर के** पति सुशील गुर्जर का ऑडियो वायरल

## मेयर कितनी भी अल्पमत में क्यों ना आ जाएं, मुख्यमंत्री भी नहीं हटा सकते!

**बेधड़क** | जयपुर

निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को दलाल नारायण के बाद गुरुवार को उनके पति सुशील गुर्जर का एक ऑडियो वायरल हो गया, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है कि ऑडियो में सुशील गुर्जर ही बोल रहे हैं। करीब 50 सेकेंड के इस ऑडियो में सुशील एक कांग्रेसी पार्षद से बात करते हुए कह रहे हैं कि मेयर कितनी भी अल्पमत में क्यों ना आ जाए, मुख्यमंत्री भी उन्हें नहीं हटा सकते।

ऑडियो जब नगर निगम हेरिटेज में मुस्लिम महापौर बनाने को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान के समय का बताया जा रहा है। उस समय आदर्श नगर, किशनपोल और सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी पार्षदों ने मुनेश के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया था। 9 निर्दलीय पार्षदों ने भी उन्हें समर्थन दिया था।

**ये बातें हुई ऑडियो में**

- **कांग्रेसी पार्षद-** हम दोनों की तरफ से आप निश्चिंत ही रहा करो। हम तो जहां देखते हैं, हमारे बोलने से भाभी सा का नुकसान है तो हम दोनों चुप हो जाते हैं। आप हमारी तरफ से फुल अशोयर्ड रहो इस चीज के लिए। हम दोनों कल आकर आपसे मिल लेंगे।
- **सुशील गुर्जर-** आज शहजाद भाई भी बोल रहे थे, लेकिन मैं बता दूं यह रूल है। मैं तुम्हें दिखाऊंगा मुख्यमंत्री भी दो साल मेयर को हटा नहीं सकते हैं। चाहे वह कितना भी अल्पमत में क्यों ना आ जाए। मैं तुम्हें कॉपी भी दूंगा।
- **कांग्रेसी पार्षद-** आप इस बारे में मत सोचो। इस बारे में मत जाओ।
- **सुशील गुर्जर-** नहीं, वह शहजाद भाई बार-बार ब्लैकमेल कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री गहलोत की घोषणा**

# हर वर्ष 31 अगस्त को मनाया जाएगा घुमंतू जातियों का विमुक्ति दिवस

■ सीएम ने घुमंतू जनजाति के लोगों से की मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को सीएमआर पर विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों के लोगों से मुलाकात की। साथ ही 72वें मुक्ति दिवस राज्यस्तरीय समारोह को संबोधित किया।

इस दौरान सीएम गहलोत ने घोषणा करते हुए कहा कि अब हर वर्ष 31 अगस्त को विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। गहलोत ने कहा कि पिछड़े वर्गों द्वारा अपने उत्थान के लिए सरकार से संबल प्राप्त करना उनका हक है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर बल देने एवं एकजुटता से ही वंचित समाजों की प्रगति संभव है। इसलिए उन्होंने वहां मौजूद लोगों से अपने बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि यहां पर आए सभी लोग यह संकल्प लेकर जाएं कि उनके घर में काई भी बच्चा या बच्ची अनपढ़ नहीं रहेगा और हर बच्चा शिक्षा ग्रहण करेगा। जिससे की पूरा समाज आगे बढ़ सके।




**अंग्रेजों ने अत्याचारी कानून बनाकर किया प्रताड़ित**

सीएम गहलोत ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समुदाय (डीएनटी) ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी वजह से अंग्रेजों ने क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट-1871 जैसा अत्याचारी कानून बनाकर इस समुदाय को प्रताड़ित किया। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 1952 में इस दमनकारी कानून को निरस्त कर विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों पर हो रहे अन्याय को समाप्त किया। पंडित नेहरू ने ही 1955 में गाड़िया लोहार समुदाय को चित्तौड़गढ़ किले में प्रवेश दिलाया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी द्वारा लिए गए निर्णयों से डीएनटी समाज सहित सभी वंचित वर्गों को पंचायतीराज संस्थाओं में राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिला।

**जल्द लाई जाएगी डीएनटी पॉलिसी**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संविधान की भावना के अनुरूप वंचित वर्गों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना राज्य सरकार का ध्येय है। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समुदाय के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा निरन्तर कदम उठाए जा रहे हैं। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों (डीएनटी) के विकास के लिए 50 करोड़ रुपए के कोष की स्थापना की गई है। डीएनटी समाज की पारम्परिक कलाओं एवं उद्यम के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि से डीएनटी रिसर्च एवं प्रिजर्वेशन सेन्टर बनाया जा रहा है। साथ ही, समाज के लोगों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने एवं कलाकारों को रोजगार एवं आर्थिक प्रोत्साहन देने का कार्य भी किया जा रहा है। समाज के विद्यार्थियों को आवास व शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए योजना लाई गई है। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदाय के उत्थान के लिए शीघ्र ही डीएनटी पॉलिसी लाई जाएगी।

**जन्मजात हुनर वाले हैं यह लोग: टीकाराम जूली**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि जन्मजात हुनर वाले इस समुदाय के लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार लगातार फैसले ले रही है। समुदाय के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश में 2 हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। बोर्ड की अध्यक्ष उर्मिला योगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डीएनटी समुदाय के लिए गांवों में 150 वर्गगज और शहरों में 50 वर्गगज तक के पट्टों का निःशुल्क आवंटन किया गया है।

## जरूरी खबर

### पूर्व CAG महर्षि ग्रीन कॉरिडोर से दिल्ली शिफ्ट



**जयपुर।** साइकिल से गिर कर गंभीर चोटिल हुए राजीव महर्षि को गुरुवार को जयपुर के एक निजी अस्पताल से दिल्ली एम्स के लिए शिफ्ट किया गया। गुरुवार को महर्षि को शिफ्ट करने के लिए जयपुर से लेकर दिल्ली तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, महर्षि को न्यूरोसर्जरी आईसीयू में भर्ती कराया गया है और वह डॉ. आशीष सूरी की निगरानी में हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। गौरतलब है कि महर्षि महर्षि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और संयुक्त राष्ट्र में बोर्ड ऑफ ऑडिटर के अध्यक्ष तक रह चुके हैं। जयपुर में कुछ दिन पहले साइकिल चलाते समय गिरने से चोटिल हो गए थे।

### महापौर सौम्या ने स्वच्छता योद्धाओं को बांधी राखी



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में गुरुवार को स्वच्छता योद्धाओं को गौमय स्वच्छता सूत्र रूपी राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गुरुवार को स्वच्छता योद्धाओं, नगर निगम की विभिन्न समितियों के चेयरमैन, पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गौमय स्वच्छता सूत्र रूपी राखी बांधी। महापौर ने पहले पेड़ को रक्षा सूत्र बांधा और पेड़ों का संरक्षण, सर्वधन का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता योद्धा काजल ने बहना ने भाई की कलाई पर गीत गाकर समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद लक्ष्मण सिंह नूनिवाल ने किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## भरतपुर पुलिस की पीएचक्यू को दी गई रिपोर्ट में खुलासा

# ठगों को ट्रक ड्राइवर लाकर देते हैं बाहरी राज्यों की सिम

**ओमप्रकाश शर्मा** | जयपुर

मेवात के बदमाश साइबर अपराध करने के लिए तीन राज्यों की सिमकार्ड का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे बदमाशों का साइबर अपराध में सहयोग करने के लिए ट्रक ड्राइवर अहम कड़ी बन रहे हैं। भरतपुर पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय को दी गई एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

मेवात इलाके में ठगी के लिए असम, उड़ीसा व बंगाल से जारी हुईं सिमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि नगर-कामां क्षेत्रों के पास में अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल टॉवर हैं। इन गांवों में असम, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल के 1011 सिमकार्ड एक्टिव हैं। साइबर ठग इन्हीं सिम से लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से रुपए निकाल रहे हैं। पुलिस का दावा है कि साइबर ठगों द्वारा लोगों के खातों से औसतन रोज 2 लाख रुपए निकाले जा रहे हैं।



### मजदूरों को लालच देकर कराते हैं काम

साइबर ठगों को सिम उपलब्ध कराने वाले अधिकतर ट्रक ड्राइवर मेवात के हैं। ये ड्राइवर जब असम, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल ट्रांसपोर्टर का माल लेकर जाते हैं तो वहां पर रहने वाले मजदूरों को पैसों का लालच देकर उनकी आईडी से सिम खरीद लेते हैं। इसके बदले में ड्राइवर हर मजदूर को 300 रुपए देता है। सिम उपलब्ध होने पर ड्राइवर इसकी जानकारी ठगों को देता है। ड्राइवर जब लौटकर आता है तो साइबर ठग इनसे 1000 रुपए में सिम खरीद लेते हैं। फिर इन्हीं सिमों का इस्तेमाल वारदात में करते हैं।

### मेवात के 53 गांवों में हैं सबसे ज्यादा साइबर अपराधी

जुरहरा, कामां, पहाड़ी, कैथवाड़ा, सीकरी, नगर और डीग व खोह कस्बे के 53 गांवों में रहने वाले युवक सबसे ज्यादा साइबर अपराधी हैं। हालांकि, जामताड़ के बाद मेवात के करीब 150 गांवों के युवक साइबर अपराध की गतिविधियों में लिप्त हैं।

## कटारा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

# करोड़पति निकला बाबूलाल, दो करोड़ से ज्यादा की काली कमाई

***एसीबी की जांच में खुलासा,** आरपीएससी सदस्य की पत्नी, साले, बेटे-बेटी के नाम की प्रॉपर्टी, शेयर म्युचुअल फंड, बॉन्ड, एलआईसी पॉलिसियां मिलने की संभावना*

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है।

जांच में खुलासा होने के बाद एसीबी ने उदयपुर में यह एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें बताया है कि अपने जीवनकाल में सरकारी सेवा में रहते हुए कटारा ने वैध आय से 61 प्रतिशत अधिक संपत्ति कमाई है। यह संपत्ति उसने अपने बेटे-बेटी पत्नी और अन्य परिजनों के नाम भी कर दी। जांच में खुलासा हुआ है कि आरपीएससी सदस्य ने सरकारी सेवा में रहते हुए वैध आय से कुल 2 करोड़ 8 लाख 70 हजार 675 रुपए की परिसम्पतियां अधिक की अर्जित की हैं।



### काली कमाई को सफेद करने में साले को भी काम में लिया

एसीबी ने अपनी एफआईआर में बताया कि कटारा ने अपने साले को भी अपनी काली कमाई को सफेद करने में काम में लिया। हीरालाल मीणा (कलासुआ) जो अमरपुरा, तहसील खेरवाड़ा, जिला उदयपुर में खेती करता है। उसने गिर्वा जिला उदयपुर जो दो मंजिला निर्माणशुदा प्रॉपर्टी अपनी बहिन शांतिदेवी जो बाबूलाल कटारा की पत्नी है, के नाम दानपत्र के माध्यम से जरिये पंजीयन गिफ्ट दिया है। एसीबी ने माना है कि कटारा ने अवैध राशि को वैध घोषित कराने की नीयत से अपने साले हीरालाल मीणा के माध्यम से अपनी पत्नी के नाम इस प्रॉपर्टी को नाम करवा दिया। इसी तरह के कई कारनामे बाबूलाल कटारा के तीन पुत्रियां और एक पुत्र दीपेश कटारा के नाम मिली प्रॉपर्टी में भी किए हैं। कटारा का पुत्र मुकेश का साल 2017 में निधन हो गया था। कटारा ने पत्नी शांतिदेवी, 1 पुत्र व 3 पुत्रियों के नाम से कई जमीन, मकान, बैंक खाते कर रखे थे।

### तृतीय श्रेणी अध्यापक के रूप में हुई थी पहली नियुक्ति

कटारा की राज्य सेवा में पहली नियुक्ति 1987 में तृतीय श्रेणी अध्यापक के पद पर हुई थी। जब से लेकर आरपीएससी में सदस्य के पद पर रहते हुए 18 अप्रैल 2023 तक इसने कुल 3,40,92,656 रुपए की आय अर्जित की है। इस अवधि में आरोपी के द्वारा कुल 3,79,37,044 रुपए की सम्पतियां अर्जित की हैं और 1,70, 26, 287 रुपए का व्यय किया है। सम्पति और व्यय का जोड़ 379.37044 + 1,70,26,287 कुल 5,49,63,331 रुपए होते हैं। इस राशि 5,49,63,331 रुपए में से आय 3,40,92,656 रुपए घटाए जाने के बाद 2,08,70,675 रुपए की परिसम्पतियां अधिक होती हैं, जो 61 प्रतिशत अधिक हैं। एसीबी का मानना है कि आरोपी बाबूलाल कटारा और इनके परिवारजनों की उपरोक्त परिसम्पतियों के अलावा और भी नामी बेनामी चल-अचल परिसम्पतियां एवं शेयर म्युचुअल फण्ड, बॉण्ड, एलआईसी पॉलिसियां इत्यादि मिलने की संभावना है।

## डिस्ट्रीब्यूटर्स ने किया रसोई गैस की घटी कीमतों का विरोध

# नुकसान की भरपाई नहीं की तो रिजर्व स्टोर नहीं रखेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस की कीमतों में 200 रुपए घटाने के आदेश के बाद राजधानी समेत प्रदेशभर के एलपीजी सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटर्स में नाराजगी है। इसका कारण है डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास रखे स्टॉक का बढ़ी कीमतों में खरीदा जाना।

राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि इस निर्णय के बाद प्रत्येक डिस्ट्रीब्यूटर को 1 से 2 लाख तक का नुकसान हुआ है। इधर, करीब 500 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स ने गुरुवार को फेडरेशन को मेल के माध्यम से उनके हो रहे नुकसान से अवगत करवाया।

गौरतलब है कि आईओसीएल, बीपीसीएल समेत एचपीसीएल की राजधानी में 80 से अधिक तो वहीं प्रदेशभर में 1400 से ज्यादा गैस एजेंसियां हैं। दीपक गहलोत ने बताया कि प्रत्येक डिस्ट्रीब्यूटर के पास गोदाम में करीब 700 से लेकर एक हजार सिलेंडर का स्टॉक रहता है। नियमानुसार ये


FEDERATION OF LPG DISTRIBUTORS OF INDIA

डिस्ट्रीब्यूटर को रखना जरूरी होता है, क्योंकि कभी कोई इमरजेंसी आती है और ऑयल कंपनियों से सप्लाई प्रभावित होती है तो डिस्ट्रीब्यूटर को स्टॉक से आपूर्ति करनी होती है ताकि जनता परेशान न हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से कीमतें कम करने से जो नुकसान कंपनियों को हुआ है, उसकी भरपाई कंपनियों को करनी चाहिए। अगर तेल कंपनियां हमारे नुकसान की भरपाई नहीं करती है तो हम इसका विरोध करेंगे और रिजर्व स्टोर की सुविधा बंद करेंगे। इसके अलावा आगामी कुछ दिन कंपनियों से डिलीवरी भी नहीं उठाई जाएगी।

## मजदूरी के लिए मासूम बच्चों को 'बेच' रहे मां-बाप

# 2 हजार के लालच में दलालों के हवाले 'लाडले'

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर के झाड़ोल, फलासिया और कोटड़ा कस्बे के गांवों में मासूम बच्चे अनाथों की भांति जीने को तो मजबूर हैं ही, लेकिन इन गांवों में माता-पिता के साथ रहने वाले मासूमों की पीड़ा भी कम नहीं है।

दलाल परिजनों को हर माह 1500 से 2000 रुपए का लालच देकर गुजरात की फैक्ट्रियों में ले जाकर बच्चों से मजदूरी करा रहे हैं। ऐसे बच्चों की उम्र 8 से 15 साल है। प्रशासन ने मानव तस्करी को रोकने के लिए चेक पोस्ट बना दिए, लेकिन अंकुश नहीं लग पाया। सुबह चार से पांच बजे कई जीप गांवों में पहुंचती हैं। मजदूरी के लिए तैयार स्थानीय मजदूर के साथ बाल श्रमिक भी इन वाहनों में सवार होकर गुजरात के खेड़ब्रह्मा, वडाली और ईडर तहसील के गांवों में जाते हैं। बाल श्रमिकों को 200 रुपए दिन का मेहनताना मिल रहा है, लेकिन किराया 80 रुपए तक खर्च हो रहा है। ऐसे में बच्चे 120 रुपए की मजदूरी के लिए जीपों में लटक कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।


मासूमों का दर्द न जाने कोय... नाता प्रथा, बेरोजगारी और नशे का दंश झेल रहे बच्चे
मां-बाप के होते अनाथों की तरह बदहाल 'नौनिहाल'
ग्राउंड रिपोर्ट
बेधड़क
एक्सक्लूसिव
■ उदयपुर के आदिवासी बहुल इलाके झाड़ोल, फलासिया व कोटड़ा में त्रस्त बच्चे
■ कई परिवारों के बच्चे पल रहे दया दिखाने वाले पड़ोसियों के भरोसे
अपने छूटे, नाते और सपने टूटे...

सच बेधड़क
31 अगस्त 2023 को प्रकाशित

### 800 से ज्यादा मासूम बच्चे हो चुके रेस्क्यू

इलाको में कहने को तो कई एनजीओ काम कर रहे हैं। जो लाखों रुपए का बजट लेकर मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के दावे कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी बच्चों को मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा है। मानव तस्करी को लेकर राष्ट्रपति सम्मानित हो चुके दुर्गाराम मुवाल ने बताया कि पिछले तीन साल में 800 से ज्यादा बच्चों को रेस्क्यू किया गया है, जिनसे मजदूरी कराई जा रही थी।

## तापमान 40 पार पहुंचने का अनुमान

# सितंबर में सामान्य से कम होगी वर्षा

**बेधड़क** | जयपुर




राजधानी समेत प्रदेशभर में सितंबर महीने का तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किए जाने का अनुमान है। इसके अलावा पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष सितंबर महीने में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। राजधानी में गुरुवार को तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं बढ़े हुए तापमान की वजह से आमजन को गर्मी और उमस ने परेशान किया।

इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में कई जगह हल्की बारिश भी हुई। इधर, अगस्त के आखिरी दिन गुरुवार को भी श्रीगंगानगर में तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। अधिकतर जगहों का तापमान 40 डिग्री के नजदीक दर्ज किया गया। दूसरी, तरफ जून और जुलाई महीने में हुई तेज बारिश होने की वजह से अगस्त में बहुत कम बारिश होने के बाद भी बारिश का औसत सामान्य से 12 फीसदी अधिक है।

सर्वाधिक बारिश पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्रों में हुई, यहां 242.7 मिमी के स्थान पर 341.7 मिमी बारिश हुई यानी 45 फीसदी अधिक बारिश हुई।

पूर्वी राजस्थान में औसत से 7 फीसदी कम बारिश 534.8 की जगह 497.3 मिमी दर्ज की गई। अगस्त के आखिरी दिन जयपुर समेत टोंक, कोटा और सवाई माधोपुर में हल्की बारिश हुई।

## 60,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद

# सच होगा 25 साल पुराना सपना, जयपुर में बनेगा विश्व का पहला जेम बोर्स

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के जौहरियों का करीब 25 साल पुराना सपना अब पूरा होने के आसार नजर आ रहे हैं। जयपुर में दुनिया का पहला जेम बोर्स बनेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में 44000 वर्गमीटर जमीन जेम बोर्स बनाने के लिए गठित कंपनी जयपुर जेम एण्ड ज्वैलरी बोर्स (एसवीपी) को आवंटित करने का निर्णय किया है। यह जमीन कम्पनी को आरक्षित दर से तीन गुना कीमत पर 99 साल की लीज पर दी जाएगी।

जयपुर जेम एण्ड ज्वैलरी बोर्स (एसवीपी) का गठन रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद-जीजेईपीसी और ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर ने किया है। जौहरियों का कहना है कि जेम बोर्स में जौहरियों के लिए करीब 2000 ऑफिस बनेंगे और जेम बोर्स के कारण करीब 60,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा जेम बोर्स की स्थापना होने के कारण राज्य के रंगीन रत्न निर्यात में भी बढ़ोतरी की उम्मीद बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि देश में वर्तमान में मुम्बई और सूरत में केवल दो बोर्स हैं। यह दोनों ही बोर्स डायमंड्स के हैं, और इनकी शुरुआत के बाद से भारत के डायमंड कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है।



### अब शुरू होगी फंड्स जुटाने की कवायद

विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार से भूमि आवंटन को सहमति मिलने के बाद अब जयपुर जेम एण्ड ज्वैलरी बोर्स (एसवीपी) के चेयरमैन और जीजेईपीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में जौहरी व उनके संगठन जेम बोर्स से जुड़ी अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए जुटेंगे। इसी तरह विशाल आकार व आधुनिक सुविधाओं के साथ करीब 600 करोड़ की लागत से बनने वाले जेम बोर्स की स्थापना के लिए फंड्स जुटाने की कवायद भी शूरू होगी। चूंकि जेम बोर्स स्थापना में देश में ज्वैलर्स का सबसे बड़ा संगठन जीजेईपीसी भी सहयोग कर रहा है, अतः इसकी स्थापना में केन्द्र सरकार का भी अपेक्षित सहयोग मिलेगा।

"जयपुर में स्थापित होने वाला जेम बोर्स भारत का तीसरा बोर्स होगा। जेम बोर्स के कारण सभी तरह के रंगीन रत्नों का कारोबार एक ही छत के नीचे संभव हो सकेगा, जिससे जयपुर में विदेशी कारोबारियों का प्रवाह बढ़ेगा और निर्यात में बढोतरी होगी।

**निर्मल बरड़िया,** अध्यक्ष, जीजेईपीसी, राजस्थान क्षेत्रीय इकाई

"जयपुर में जेम बोर्स की स्थापना जौहरियों का एक बड़ा सपना है। जेम बोर्स की स्थापना से पारंपरिक रूप से हो रहे रंगीन रत्न कारोबार के आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय व भारतीय बाजारों में इस कारोबार को नई ऊंचाइयां छूने में मदद मिलेगी।

**अशोक माहेश्वरी,** संयोजक, जयपुर ज्वैलरी शो

## जरूरी खबर

### पत्नी मायके से नहीं लौटी, पति ने लगाई फांसी



**धौलपुर।** धौलपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डेढ़ महीने से मायके में रह रही उसकी पत्नी रक्षाबंधन पर भी वापस नहीं लौटी। उसके वापस नहीं आने से नाराज युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक कुलदीप (22) पुत्र वीरी सिंह जाटव बाहरी पुरा गांव में रहता था। 2 साल पहले करीमपुर गांव में रहने वाली युवती से उसकी शादी हुई थी। डेढ़ महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी। रक्षाबंधन पर युवक पत्नी को लेने गया था, लेकिन मायके पक्ष के लोगों ने उसे वापस नहीं भेजा।

### चाकू मारकर दुकानदार की निर्मम हत्या

**बारां।** जिले की अंता तहसील में एक दुकानदार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बारां के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि अंता के गुलाबपुरा में बुधवार देर रात को रास्ता पूछने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस बीच वहां दुकान पर बैठे हरिप्रसाद ओढ़ पर चाकू से हमला किया गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर इस घटना को लेकर गुरुवार को आक्रोशित परिजन व ग्रामीण ने हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### जिला कलेक्टर ने लाभार्थियों से लिया फीडबैक



**झालावाड़।** जिला कलेक्टर अलोक रंजन एवं जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने गुरुवार को सुनेल पंचायत समिति में आयोजित इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शिविर का निरीक्षण कर लाभार्थियों से फीडबैक लिया। जिल कलेक्टर ने कार्यवाहक विकास अधिकारी सत्येंद्र जैन को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का पात्र व्यक्तियों को लाभ मिलना चाहिए। जिसमें कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपखंड अधिकारी अभिषेक चारण, कार्यवाहक तहसीलदार गुर्जर समेत कई अधिकारी भी मौजूद थे।

## रेलवे ने इलेक्ट्रिक कॉरीडोर का काम किया पूरा, दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन पहुंची बीकानेर

# बीकानेर से दिल्ली अब इलेक्ट्रिक इंजन के साथ दौड़ेगी ट्रेन

■ केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने किया स्वागत

**बेधड़क** | बीकानेर

रेलवे की ओर से बीकानेर से दिल्ली रूट पर इलेक्ट्रिक कॉरीडोर का तैयार हो गया है। गुरुवार को दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन के बीकानेर पहुंचने से इस कॉरीडोर का शुभारंभ भी हो गया।




अब बीकानेर से देश की राजधानी दिल्ली के लिए रोजाना इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेन चलेगी। गुरुवार को पहली बार दिल्ली सराय रोहिल्ला बीकानेर इलेक्ट्रिक ट्रेन पहुंची जहां केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने रेलवे स्टेशन पर रेलवे स्टाफ को माला पहनकर स्वागत किया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष कुमार समेत रेलवे के अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मंडल रेल प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि अब दिल्ली से बीकानेर रेल सेवा को इलेक्ट्रिक इंजन में तब्दील कर दिया गया है। आने वाले समय में भी इसके संचालन के समय में भी बदलाव होगा।

### 25 से ज्यादा शहरों का सीधा जुड़ाव

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने बताया कि बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के अधीन कुल 1780 रूट किलोमीटर पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनें संचालित का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण किया जाएगा। मेघवाल ने कहा कि अब देश के करीब 25 से ज्यादा शहरों का बीकानेर से सीधा जुड़ाव हो गया है और बीकानेर से सीधी ट्रेन इन महानगरों के लिए चल रही हैं। बता दें कि बीकानेर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए 471 करोड रुपए का बजट जारी हुआ है। आगामी समय में बीकानेर रेलवे स्टेशन का भी इससे कायाकल्प होगा।

### पहले से चल रही ट्रेन

बीकानेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला रात को 10:30 बजे ट्रेन रवाना होती है जो सुबह 6:30 बजे दिल्ली पहुंचती है, और दिल्ली से 11:30 बजे रात को रवाना होकर ट्रेन सुबह 7:00 बजे बीकानेर पहुंचती है। इस ट्रेन में अब इलेक्ट्रिक इंजन लगा दिया गया है।

### शताब्दी और वंदे भारत के भी रास्ते खुले

इस दौरान बीकानेर से वंदे भारत ट्रेन से शुरू होने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि बीकानेर रेलवे के क्षेत्र में विकास कर रहा है। आने वाले समय में वंदे भारत ही नहीं बल्कि शताब्दी ट्रेन के बीकानेर से शुरू होने के भी रास्ते खुले हैं। आगामी समय में बीकानेर को रेलवे की तरफ से बहुत बड़ी सौगात मिलेंगी।

## भरतपुर में सराफा व्यापारी पर फायरिंग करने का मामला

# जंगल में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, दो को दबोचा

■ 48 घंटे के अंदर दो आरोपियों को पकड़ा, अब तक तीन गिरफ्तार

**बेधड़क** | भरतपुर

सराफा व्यापारी पर फायरिंग कर लूट मामले में भरतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपियों को पकड़ने गई टीम पर बुधवार देर रात बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। बदमाशों से मुठभेड़ में एक पुलिस ऑफिसर के जैकेट पर गोली लगी। वहीं, जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

तभी पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। इस मामले में पुलिस अब तक चार में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, पुलिस चौथे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। भरतपुर रेंज के पुलिस महानिदेशक रुपिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर



जगह -जगह दबिश दे रही थी, बीती रात मुखबिर की सूचना पर भरतपुर पुलिस की डीएसटी टीम और थाना अटलबंध की टीम दबिश देने गई।

इस दौरान मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। रात लगभग 12 बजे चिकसाना थाना क्षेत्र के बिलौटी और जाटोली रथभान के जंगलों में बदमाशों ने अपने आप को पुलिस द्वारा घिरा हुआ पाने पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने अपनी सुरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की जिसमे दोनों बदमाशों राजू और उपेंद्र उर्फ कलुआ के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती कराया है।

### ये है मामला

28 अगस्त को चार बाइक सवार बदमाश लूट के इरादे से अटलबंद थाना इलाके में पुराने डाक खाने के पास पन्ना लाल अजय कुमार की दुकान में घुसे, जिसके बाद बदमाशों ने दुकान मालिक अजय कुमार से दुकान की तिजोरी की चाबी मांगी, लेकिन अजय ने बदमाशों को चाबी नहीं दी। इस दौरान बदमाशों और अजय की काफी देर तक कहासुनी होती रही। दो बदमाशों के पास देसी कट्टा था, जिसे दिखाकर वह बार-बार दुकान मालिक को डराते धमकाते रहे। घटना के समय दुकान के अंदर दो महिला ग्राहक भी थीं। तभी एक बदमाश ने अजय के पैर में कट्टे से गोली मार दी, जिसके बाद वह वहां से भाग गए। गोली की आवाज सुन आसपास के व्यापारी इकट्ठे हो गए, चारों बदमाश एक ही बाइक से थे। तीन बदमाश तो बाइक पर बैठ गए, लेकिन चौथा बदमाश बाइक पर नहीं बैठ पाया। इससे पहले की चौथा बदमाश बाइक से भागता, व्यापारियों ने उसे घेर लिया। बदमाश व्यापारियों को कट्टा दिखाकर डराता रहा। व्यापारियों ने बदमाश पर स्टूल और डंबल फैंक कर मारा तभी बदमाश सड़क पर गिर गया और उसे वहीं पकड़ लिया गया।

### बदमाशों के पैर में लगी गोली

मुठभेड़ में आरोपी उपेंद्र उर्फ कलवा और राजकुमार उर्फ राजू के पैर में गोली लगी। दोनों आरोपियों का भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में उपचार जारी है। आरोपियों के पास से दो अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही एक बाइक जब्त की है, जो वारदात करने के लिए उद्योगनगर थाना इलाके से आरोपियों ने चोरी की थी। अब पुलिस चौथे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## नए चेहरे को टिकट देने की मांग

# मंत्री जाहिदा के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

**बेधड़क** | भरतपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले गहलोत सरकार में मंत्री और डींग जिले के कामां से विधायक जाहिदा खान की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। मंत्री जाहिदा के खिलाफ गुरुवार को लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कांग्रेस से मांग करते हुए कहा कि जाहिदा खान को छोड़कर पाटी कामां से किसी को भी टिकट दे, हम उसे जिताएंगे। अगर, कांग्रेस जाहिदा खान को टिकट देती है तो मेव समाज का कोई भी व्यक्ति उन्हें वोट नहीं देगा।

इस दौरान मंत्री जाहिदा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। मंत्री जाहिदा के खिलाफ डींग जिले के कामां क्षेत्र के अमरुका गांव के पास सैकड़ों लोग टैंट लगाकर इकट्ठे हो गए। उन्होंने जाहिदा खान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि वे कांग्रेस का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि जाहिदा खान के खिलाफ हैं।

लोगों ने कहा कि सरकार के 5 साल पूरे हो चुके हैं। हम दूसरी विधानसभा क्षेत्र से कामां की तुलना करते हैं तो हम यहां के विकास को बहुत कम पाते हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रोजेक्ट का पैसा कमीशन और विधायक के पास चला गया। लोगों ने कहा कि स्कूलों में टीचर नहीं हैं, बच्चों को कोई सुविधा नहीं हैं। ऐसी विधायक को हम दोबारा नहीं जिताएंगे।

## बैंसला का किया अभिनंदन

**बेधड़क** | टोंक

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विजय बैंसला का एक होटल बनास पुलिया पर गुर्जर नवयुवक मंडल द्वारा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंडल प्रभारी एड. दिनेश डोई ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष बैंसला व एड. अतर सिंह गुर्जर कोटा से जयपुर जाते समय बनास पुलिया क्षेत्र में नवयुवक मण्डल के सदस्यों ने अभिनंदन किया। इस मौके पर बैंसला ने कहा कि युवाओं के सुदृढ़ भविष्य एवं उस कल्पना को सार्थक करने की ऊर्जा से युवा सुदृढ़ होगा।

इस दौरान देवराज तंवर, विनोद, रामावतार, शोभाराम, विमल, राजू, संजय, पवन, सुनील, टोनू, जसपाल, त्रिदेव, भरत, पटेल, विशाल, गोविंद एवं दिलीप आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# घुमंतु जातियां आज अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित: अकबर खान

**बेधड़क** | टोंक

टोंक के गांधी पार्क में गुरुवार को विमुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में घुमंतू जातियों में शामिल बागरिया, बावरिया, सांसी, सांटिया, बंजारा, कंजर, मोगिया, कालबेलिया, गढ़िया लोहार, भोपा, नाथ, सपेरा, नट आदि 54 जाति के लोग माजूद रहे।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार एंव घुमंतू जाति स्वाभिमान जागरण सभा एवं शांति मार्च के संयोजक अकबर खान के नेतृत्व



में आयोजित हुए कार्यक्रम में घुमंतू जातियों की मांगों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अकबर खान ने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है की आजादी के बाद से आज तक घुमंतू जाति के यह लोगों मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा कि घुमंतू जाति के लोग विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पा रहे हैं।

घुमंतू समाज के लाखों नागरिक रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी तरस रहे हैं। सभा के बाद रैली के माध्यम से सैकड़ों घुमंतू जाति की महिलाएं और पुरूष जिला कलेक्ट्रट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नैगी को सौंपा।

### बैंक मैनेजर के घर में हाथ साफ कर गए चोर

**देवली।** शहर में रक्षाबंधन के मौके पर पटेल नगर में एक्सिस बैंक के मैनेजर रोहित जैन के घर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने वहां से सोने चांदी के आभूषण और नगदी समेत सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच बताई जा रही है। पीड़ित 29 अगस्त की शाम को रक्षाबंधन पर अपने परिवार सहित गांव चला गया था। पीछे से उसका मकान सूना था। वहीं चोरों ने घर से सोने का मंगलसूत्र, एक पेंडल, सोने की 2 कान की बाली, तीन अंगूठी, 10 चांदी के सिक्के, पायल तथा 4 हजार 500 रुपए की नकदी चुरा ले गए।

## शहर कोतवाल की तत्परता से बच्ची को वापस मिला परिवार

# तीन साल की बच्ची को अस्पताल में लावारिस छोड़ गए माता-पिता

**बेधड़क** | झुंझुनूं

झुंझुनूं में एक लापरवाह मां-बाप अपनी तीन साल की बच्ची को ही अस्पताल में भूल गए, लेकिन शहर कोतवाल राममनोहर ने मामले में तत्परता दिखाते हुए बिछड़ी हुई बच्ची को परिजनों से मिलाया। जानकारी के मुताबिक मलसीसर से आज एक महिला अपने पति और तीन साल की बेटी के साथ बीडीके अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने के लिए आई थी।

इस दौरान मां-बाप, दोनों के बीच हुई गफलत में बच्ची उनसे बिछड़ गई। अस्पताल से मां-बाप, दोनों अलग-अलग निकल लिए।



इस बीच यह बच्ची अस्पताल के गार्ड को मिली। गार्ड ने करीब आधे-एक घंटे तक तो बच्ची को अपने पास रखा फिर पुलिस को सूचना दी।

शहर कोतवाल राममनोहर को जैसे ही सूचना मिली। उन्होंने चौकी प्रभारी महावीर को मौके पर भेजा और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए अलग से टीमें लगा दीं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मलसीसर की महिला से संपर्क साधा गया। जिसने आकर अपनी बच्ची की पहचान की और बाल कल्याण समिति ने बच्ची को मां को सुपुर्द कर दिया।

## भाजपा की जन आक्रोश सभा

# पूरे शेखावाटी में इस बार लहराएगा भाजपा का परचम: राजेन्द्र राठौड़

**बेधड़क** | झुंझुनूं

अलसीसर में गुरुवार को भाजपा जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जिसे नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अहलावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया समेत अन्य भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

सभा की शुरुआत में जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता राजेंद्र भांबू, इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, गिरधारीलाल खीचड़, सुशीला सीगड़ा ने भाजपा नेताओं का स्वागत किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मंडावा में उमड़ी जन आक्रोश सभा की ये भीड़ संकेत




दे रही है कि पूरे शेखावाटी में इस बार भाजपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर हालात विकट हो गए हैं। अब तो एक प्रशासनिक अधिकारी दूसरे प्रशासनिक अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाता हैं और खुद प्रशासनिक अधिकारी बोल रहे हैं कि पैसा मंत्री तक तथा पीसीसी चीफ तक पहुंचाना पड़ता है। जिससे स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार की यह गंगोत्री कहां से कहां तक पहुंच गई।

उन्होंने कहा कि ज्यूडीशरी पर सीएम ने केवल इसलिए टिप्पणी की, क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में न्यायपालिका कार्रवाई कर सकती है। इसलिए कार्रवाई न हो, इसके लिए पहले से बुनियाद बना रहे हैं, लेकिन इस तरह न्यायपालिका के निर्णयों पर टिका टिप्पणी की कम से कम से मुख्यमंत्री से उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि राजेंद्र गुढ़ा की लाल डायरी में चिंगारिया है। जिस दिन चिंगारिया निकलेंगी, विस्फोट होगा।

### राजस्थान की जनता चाहती है बदलाव

इस मौके पर उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि केवल मंडावा की जनता ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान की जनता बदलाव चाहती है। मोदी सरकार के नाम और काम पर सत्ता परिवर्तन होगा। राजस्थान की जनता के साथ मोदी सरकार की डबल इंजन सरकार ही न्याय करेगी। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद थे। इस सभा में महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

## कार्यकर्ता करेंगे कांग्रेस का सूपड़ा साफ

**बेधड़क** | सीकर

सांवली सर्किल के पास भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने गुरुवार को विधिवत पदभार संभाल लिया। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी ने पवन मोदी को पदभार सौंपा।

इस दौरान मोदी का विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाजों के प्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया। समारोह में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पवन मोदी के रूप में



पवन पुत्र के साथ जामवंत रूपी भाजपा कार्यकर्ताओं की सेना साथ है। इसी सेना के साथ होने से सीकर से बदलाव का जो तूफान खड़ा होगा, उससे कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

वहीं जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि समारोह को सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह बाजौर, बंशीधर बाजिया, झाबरसिंह खर्रा आदि ने भी संबोधित किया।

### राजस्थान यूनिवर्सिटी के भौतिक विज्ञान विभाग में कुलपति ने किया लोकार्पण

# उत्कृष्ट रिसर्च के लिए 'एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रोन स्पेक्ट्रोस्कॉपी' लैब शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में 6 करोड़ रुपए की XPS (एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रोन स्पेक्ट्रोस्कॉपी) लैब का लोकार्पण गुरुवार को कुलपति प्रो. राजीव जैन ने किया।

यह मशीन रूसा 2.0 प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट-6 के तहत क्रय की गई है। रूसा प्रोजेक्ट के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष डॉ. आरके सिंघल हैं। इस मशीन द्वारा मैटेरियल साइंस के क्षेत्र में शोध की असीम संभावनाएं हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम में रूसा 2.0 प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर व रजिस्ट्रार कालूराम, वित्त नियंत्रक रामसुख जाटोलिया व मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरिशंकर पलसानिया, इंफोटेक के निदेशक प्रो. एसके गुप्ता, एनर्जी सेंटर के निदेशक प्रो. एसएन डोलिया, विभिन्न शिक्षक व शोध छात्र उपस्थित थे।






### रिसर्चर्स के साथ इंडस्ट्रीज को भी मिलेगा फायदा

प्रो. आर के सिंघल ने बताया कि इस मशीन के द्वारा जटिल से जटिल पदार्थों के केमिकल संयोजन तथा उसके अंदर उपस्थित प्रत्येक तत्व की बंधन ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक स्ट्रक्चर्स, विन्यास आदि की गहन जानकारियां सुगमता से प्राप्त की जा सकती हैं जो भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इंजीनियरिंग, मैटेरियल साइंस, मेटलर्जी आदि क्षेत्रों में बहुत उपयोगी होती हैं। इस मशीन से विज्ञान के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध होने की प्रबल संभावनाएं है। यह मशीन विश्वविद्यालय में तथा विश्वविद्यालय के बाहर शोध कार्य कर रहे शोधार्थियों के लिए तथा उद्योगों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। यह मशीन पूरी तरीके से ऑटोमेटेड है तथा इसका स्पेक्ट्रेल रिजोल्यूशन 0.5 इलेक्ट्रॉन वोल्ट है अतः इससे आने वाले परिणाम बहुत सटीक और शुद्ध हैं। इस मशीन में एक साथ 36 सैंपल्स लोड किए जा सकते हैं और एक्स रे ट्यूब से अति उच्च तीव्रता का फ्लक्स आने से पूरा डाटा बहुत कम समय में रिकॉर्ड हो जाता है। इस मशीन में लाइन मैपिंग की जा सकती है तथा डेप्थ प्रोफाइलिंग के द्वारा पदार्थ की प्रॉपर्टीज का परत दर परत अध्ययन किया जा सकता है। यह मशीन विश्व की प्रतिष्ठित फर्म 'थर्मोफिशर' से आयात की गई है।

## Yuva स्टोरीज



**छात्रों को दी मिशन-2030 की जानकारी** | **जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय, कंवरनगर, ब्रह्मपुरी में राजस्थान मिशन-2030 के तहत डीओआईटी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्टूडेंट्स को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सत्र के बाद प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया ने विद्यार्थियों को मिशन-2030 के दृष्टिकोण के बारे में समझाया व महाविद्यालय में 1 व 2 सितंबर को होने वाली निबंध प्रतियोगिता और 4 व 5 सितंबर को होने वाली भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने दृष्टिकोण को विस्तार देने की अपील की। इस दौरान एनएसएस प्रभारी विवेक कुमार चूलेट के नेतृत्व में कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक प्रो. नीलम शर्मा ने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को वीसी का लिंक साझा करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिहाज से अधिकाधिक जानकारी लेने व समझने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर राजस्थान मिशन-2030 का विशिष्ट सूचनापट्ट तैयार करते हुए अपने सुझाव रखे। संकाय सदस्य ललिता शर्मा, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. जितेंद्र लोढ़ा व डॉ. सुनील कुमार शर्मा आदि सभी ने अपने सुझावों से विद्यार्थियों को मिशन 2030 के विविध संदर्भों की जानकारी दी। सेंसटाइजेशन कार्यक्रम का तकनीकी संयोजन व प्रस्तुतीकरण महेश मीणा ने किया।

**संस्कृत के विद्वान होंगे सम्मानित** | **जयपुर।** राजस्थान संस्कृत अकादमी का संस्कृत सेवी अलंकरण एवं संस्कृत सप्ताह समारोह शुक्रवार को अकादमी संकुल सभागार, झालाना डूंगरी में शाम 4 बजे आयोजित होगा। समारोह में प्रदेश के विभिन्न संभाग एवं जिलों के दस संस्कृत विद्वानों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर संभाग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की आयोजक संस्थाओं तथा प्रतियोगिताओं में विजेता संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। अकादमी अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान के अन्तर्गत 'संस्कृत सेवाव्रति', 'संस्कृत सारस्वत' और 'संस्कृत युवा सम्मान' से सम्मानित विद्वानों को नकद राशि, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा। अकादमी निदेशक डॉ. राजकुमार जोशी ने बताया कि संस्कृत सेवी संस्थाओं के प्राचार्य संयोजकों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, विशिष्ट अतिथि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा, सारस्वत अतिथि राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे होंगे। समारोह की अध्यक्षता अकादमी अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर करेंगे।




**FSO परीक्षा की मॉडल आंसर की जारी** | **जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने फूड सेफ्टी ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 की मॉडल आंसर-की जारी कर दी गई है। आंसर की को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षा दे चुके कैंडिडेट्स इस मॉडल आंसर-की पर निर्धारित शुल्क के साथ 2 से 4 सितंबर तक ऑनलाइन ऑब्जेक्शन दर्ज करवा सकते हैं। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि एफएसओ प्रतियोगी परीक्षा 27 जून को आयोजित की गई थी। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति प्रामाणिक पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अलावा कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज नहीं करा सकेगा। आयोग ने प्रत्येक प्रश्न की आपत्ति के लिए 100 रुपए शुल्क निर्धारित किया है। कैंडिडेट्स SSO पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक के क्वेश्चन ऑब्जेक्शन पर क्लिक कर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। ऑब्जेक्शन के रिफंड का प्रावधान नहीं है।

### शिक्षिका शीला आसोपा की प्रेरणादायक कहानी

# इनीशिएटिव और एफर्ट से बदली स्कूलों की सूरत



**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर के किसी भी गांव के लड़कियों के स्कूल में शीला आसोपा का नाम पूछें, हर कोई इन्हें जानता है। शीला आसोपा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्याम सदन की प्रिंसिपल हैं और उनकी इस प्रसिद्धि के पीछे उनके वे काम हैं जो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने व इन स्कूलों के बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए किए हैं।

शीला आसोपा राजस्थान की उन दो शिक्षिकाओं में शामिल हैं जिन्हें इस वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। शीला आसोपा को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। शिक्षा के क्षेत्र में शीला के कामों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और कई अन्य जगह दर्ज है।

साथ ही उन्हें अब तक राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार, नेशनल वॉटर अवॉर्ड, वॉटर हीरो अवॉर्ड, राजस्थान वुमन अचीवमेंट अवॉर्ड सहित राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर दर्जनों सम्मानों से नवाजा जा चुका है। लेकिन शीला आसोपा के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। वर्ष 2016 में जब उनका ट्रांसफर उच्च माध्यमिक विद्यालय थोब में हुआ तो स्कूल की बिल्डिंग बिल्कुल जर्जर थी।



#### इन कामों से बनाई पहचान

- शिक्षा में ICT का प्रयोग कर बच्चों को तकनीक से जोड़ा।
- खेल-खेल में पढ़ाई के लिए FLN आधारित कंटेंट 'चमत्कारी बस्ता' बनाया।
- 'स्वच्छ हाथ स्वच्छ जल स्वस्थ शरीर' अभियान में हजारों बच्चों को हाथ धोने के लिए प्रशिक्षित किया।
- जल संरक्षण व पौधारोपण कार्यक्रम चलाए।
- स्कूलों में बालिका नामांकन वृद्धि के लिए अभियान चलाया।
- ग्रामीण स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर ठीक करने के लिए प्रयास किए।
- ग्रामीण स्कूलों में वेबसाईट बनाने, सोलर पैनल से बिजली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, हैंड वॉशिंग पॉइंट जैसे इनीशिएटिव्ज लिए।

#### बच्चियों को खेलों से जोड़ दी दिशा

शीला ने बच्चियों को पढ़ाई के साथ खेल के लिए भी प्रोत्साहित किया। इसका नतीजा ये रहा कि स्कूल की लड़कियों ने जिला व राज्य स्तर पर खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी पढ़ाई गई कई लड़कियां आज स्कूलों में पीटीआई हैं। उन्होंने लड़कियों को कला से जोड़कर भी उनके जीवन को नई दिशा दी।

स्कूल के 450 बच्चों की जान जोखिम में थी। उन्होंने जनसमुदाय और सरकारी मदद से स्कूल के 11 कमरों की मरम्मत कराई। स्कूल बनने के बाद लड़कियों को स्कूल बुलाने की समस्या आई। उन्होंने मुहिम चलाकर अभिभावकों को समझाया तो लड़कियों का नामांकन बढ़ने लगा। साल 2017 में शीला का ट्रांसफर थोब स्कूल से धवा स्कूल में हो गया। जहाँ पर उन्होंने बालिका जागरूकता पर काम किया, जिसके लिए उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ। इसके बाद उन्होंने एक साथ 50 हजार बच्चों को हाथ धोने का प्रशिक्षण दिया।



**NEET-UG 2023**

## काउंसलिंग के राउंड-3 में रजिस्ट्रेशन शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा - स्नातक (NEET-UG) के राउंड-3 काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन गुरुवार से शुरू हुए। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (MCC) की आधिकारिक वेबसाइट mcc.nic.in पर उपलब्ध NEET-UG काउंसलिंग पंजीकरण विंडो पर रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है।

अभ्यर्थी राउंड-3 काउंसलिंग के लिए 4 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। समिति एमबीबीएस व बीडीएस प्रवेश-2023 के लिए अखिल भारतीय कोटा सीटों के लिए काउंसलिंग का एक और दौर आयोजित करेगी।

#### ये रहेगा राउंड-3 का शेड्यूल

काउंसलिंग के लिए पंजीकरण गुरुवार को शुरू होंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 सितंबर दोपहर 12 बजे तक व भुगतान की अंतिम तिथि 4 सितंबर रात्रि 8 बजे तक है। चॉइस फिलिंग 1 से 5 सितंबर तक की जा सकती है। सीट आवंटन की प्रक्रिया 6 व 7 सितंबर को होगी व रिजल्ट 8 सितंबर को आएगा। डॉक्यूमेंट अपलोडिंग 9 सितंबर को करनी होगी व 10 से 18 सितंबर तक अलॉटेड कॉलेज में रिपोर्टिंग का टाइम होगा। शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का सत्यापन 19 से 20 सितंबर तक होगा।

#### ऐसे करें पंजीकरण

राउंड 3 के लिए NEET UG काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन के लिए MCC की आधिकारिक वेबसाइट mcc.nic.in पर जाएं। यहां यूजी मेडिकल काउंसलिंग लिंक पर क्लिक करें। इसमें 'नया पंजीकरण' लिंक पर क्लिक करें। यहां लॉगिन क्रेडेंशियल बनाने के लिए मूल विवरण दर्ज करें। अब, दोबारा लॉग इन करें और व्यक्तिगत और शैक्षणिक विवरण दर्ज करें। फॉर्म की समीक्षा करें और फॉर्म सबमिट करें।

## SSC-CGL में 1340 पद बढ़े

**जयपुर।** एसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 के तहत 1340 पद बढ़ा दिए गए हैं। पहले इस वैकेंसी के तहत कुल 7500 पदों पर भर्तियां होनी थी। अब कुल 8840 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। एसएससी सीजीएल फर्स्ट टियर की परीक्षा जुलाई में हो चुकी है। सेकंड टीयर परीक्षा 25 अक्टूबर 2023 से होगी। गौरतलब है कि सीजीएल के लिए 24 लाख 74 हजार 30 आवेदन मिले हैं। सीजीएल परीक्षा का आयोजन भारत के कई मंत्रालयों, विभागों, संगठनों में खाली पड़े ग्रुप बी और ग्रुप सी लेवल पर भर्ती के लिए किया जाता है। टियर-1 में उत्तर प्रदेश और बिहार के 15 शहरों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया था।

**गुड-न्यूज** | **शिक्षक भर्ती लेवल-1 का फाइनल रिजल्ट जारी**

# 21 हजार युवाओं का शिक्षक बनने का इंतजार खत्म

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए शिक्षक भर्ती का एग्जाम दे चुके युवाओं का इंतजार गुरुवार को समाप्त हो गया। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ग्रेड थर्ड भर्ती लेवल-1 का फाइनल रिजल्ट गुरुवार को जारी कर दिया।

इसके तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 21 हजार पदों पर टीचर्स को पोस्टिंग दी जाएगी। बोर्ड की ओर से जारी फाइनल रिजल्ट की कट ऑफ में नौ नंबर तक की बढ़ोतरी हुई है। लेवल-1 के 21 हजार पदों में से सामान्य शिक्षकों के कुल 19 हजार 133 पद हैं। इनमें नॉन टीएसपी क्षेत्र में 17 हजार 563 पदों पर पोस्टिंग दी जाएगी। 1570 पदों पर टीएसपी क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी। विशेष शिक्षकों के कुल 1867 पदों में से 1629 पदों पर नॉन टीएसपी क्षेत्र में व 238 पदों पर टीएसपी क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी।

गौरतलब है कि बोर्ड की ओर से 48 हजार पदों के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा इसी वर्ष 25 फरवरी से 1 मार्च तक कराई गई थी।

परीक्षा में कुल 9 लाख 2 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे। शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-1 के लिए कुल पंजीकृत 2 लाख 12 हजार 342 अभ्यर्थियों में से 1 लाख 96 हजार 696 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। लेवल-1 में कुल उपस्थिति 92.63 फीसदी रही थी। जबकि लेवल-2 में 7 लाख 53 हजार 23 अभ्यर्थियों में से 7 लाख 5 हजार 629 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। लेवल-2 की उपस्थिति 93.70 फीसदी रही थी। लेवल-1 का रिजल्ट आने के बाद अब लेवल-2 का इंतजार है।



#### ये रही लेवल-1 की कटऑफ

| क्षेत्र | कटऑफ |
|---|---|
| सामान्य | 195.3846 |
| ओबीसी | 187.9231 |
| ईडब्ल्यूएस | 181.2479 |
| एमबीसी | 185.6197 |
| एससी | 173.2436 |
| एसटी | 156.0385 |

#### लेवल-2 का रिजल्ट भी इसी माह

कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि लेवल-2 के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। लेवल-2 का रिजल्ट भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। संभवतया सभी 48 हजार पदों पर उम्मीदवारों को सितंबर महीने में ही पोस्टिंग दे दी जाएगी।

#### ये है लेवल-2 के पदों का गणित

| विषय | पद | विषय | पद |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी | 8,782 पद | संस्कृत | 1,808 पद |
| साइंस/मैथ्स | 7.435 पद | उर्दू | 806 पद |
| सोशल स्टडीज | 4,172 पद | पंजाबी | 272 पद |
| हिंदी | 3,176 पद | सिंधी | 9 पद |

## नाटककार हबीब तनवीर का जन्मशती वर्ष

# जीते जी जो गाथा पुरुष बन गए



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्कीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मकबूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकर-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आजादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी जिम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, ''दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।'' मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद ज़हीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर-कशिश आवाज में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी ग़ज़लों का पहला सेट जिसमें छह ग़ज़लें शामिल थीं, अली सरदार जाफ़री द्वारा संपादित उर्दू के मकबूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। उन्हें बचपन से ही नाटक और फिल्मों का शौक था। खास तौर से पारसी थियेटर उन्हें खूब आकर्षित करता था। महज बारह साल की उम्र में उन्होंने शेक्सपियर के मशहूर नाटक 'किंग जॉन' में प्रिंस आर्थर का किरदार निभाया। बहरहाल, पढ़ाई के साथ-साथ हबीब तनवीर का शायरी और अभिनय का शौक परवाज चढ़ता रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फिल्मों का शौक उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फिल्मी समीक्षा, विज्ञापन फिल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत जल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंजिल-ए-मक़सूद यानी फिल्मों में भी मौका मिल गया। लिहाजा उन्होंने फिल्मों में अदाकारी की और कई फिल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।

बंबई में फिल्मों और पत्रकारिता में मसरूफियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। प्रेमचंद की कहानी पर आधारित 'शतरंज के मोहरे', कृश्न चंदर का नाटक 'मेरा गांव', उपेन्द्रनाथ अश्क का 'दंगा', विश्वामित्र आदिल का 'दिन की एक रात' का उन्होंने इन्हीं दिनों निर्देशन किया। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए। यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें खालिस लखनवी उर्दू ज़बान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाज़ार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नज़ीर अकबरावादी की जिंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाज़ार' में उन्होंने न सिर्फ आम आदमी की जिंदगी और उसके रोजमर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीका बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौजूअ के बिल्कुल खिलाफ था। ये वह दौर था जब हिंदोस्तानी रंगमंच में हिंदोस्तानी, अपनी मिट्टी से जुड़ाव एवं शैली का डंका पीटने वाले नारे और मुहावरे ईजाद नहीं हुये थे। 'आगरा बाज़ार' हिंदोस्तान के रंगमंच में मील का पत्थर साबित हुआ।

हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को करीब से देखा। खासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुजारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक खास हिंदोस्तानियत में ढाला। जाहिर है, नाटक बेहद मकबूल हुआ।


लोक अदब और लोक रिवायतों से हबीब तनवीर को बेहद लगाव था। उन्होंने कई लोक कथाओं को विकसित कर नाटक में तब्दील किया। मसलन 'जालीदार पर्दे'-रूसी लोक कथा पर आधारित है, तो 'सात पैसे'-चेकोस्लोवाकिया की लोककथा, 'अर्जुन का सारथी'-छत्तीसगढ़ी कहानी, 'गांव का नाव ससुराल, मोर नाव दामाद'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'ठाकुर पृथ्वीपाल सिंह'-राजस्थानी लोककथा, 'चरनदास चोर'-राजस्थानी लोककथा, 'बहादुर कलारिन'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'सोनसागर'-बिहारी लोककथा, 'हिरमा की अमर कहानी'-आदिवासी लोककथा पर आधारित नाटक हैं। इनकी खासियत ये है कि तनवीर ने इन लोक कथाओं को सीधे-सीधे ड्रामा रूप में तब्दील नहीं किया है, बल्कि लोककथा के केन्द्रीय विचार को लेकर अपने हिसाब से नाटक में विस्तारित किया। इम्प्रोवाइज किया। यही नहीं इन नाटकों को उन्होंने मौजूदा परिवेश से भी जोड़ा, जो लोगों को खूब पसंद आया।

साल 1959 में हबीब तनवीर ने नाटक के एक नये ग्रुप 'नया थिएटर' की नींव रखी। 'सात पैसे', 'रुस्तम सोहराब', मोलियर का 'द बुर्जुआ जेंटलमैन', 'मेरे बाद' वगैरह उनके इस ग्रुप के शुरुआती नाटक थे। दिल्ली में जीविकायापन के लिये हबीब तनवीर ने नाटक के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। 'लिंक', 'स्टेटसमेन', 'पेट्रिएट' के लिये उन्होंने फिल्म समीक्षा, नाट्य समीक्षा आदि लिखीं। इस दरमियान 'संगीत नाटक अकादमी' ने तनवीर से उनके मशहूर नाटक 'आगरा बाज़ार' का पुनर्सृजन करने के लिए कहा। इस बार तनवीर ने 'आगरा बाज़ार' के संगीत में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के अलावा दीगर प्रयोग किए, जो काफी हिट रहे। नाटक के सैकड़ों शो हुए। गोयाकि 'आगरा बाज़ार' ओर हबीब तनवीर एक दूसरे के पर्याय हो गए। नाटक 'चरनदास चोर' तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी।

साल 1975 में 'चरनदास चोर' के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आखिर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक 'चरनदास चोर' के कथ्य की ताजगी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। एक शुद्ध लोक कहानी को बिल्कुल नया रूप देकर, मौजूदा हालात से जोड़कर कैसे सामायिक बनाया जा सकता है ?, इसकी एक शानदार मिसाल है 'चरनदास चोर'। साल 1982 में एडिनबरा के विश्व ड्रामा फेस्टिवल में बावन मुल्कों के ड्रामों के बीच 'चरनदास चोर' की कामयाबी ने हबीर तनवीर और नया थिएटर को दुनियावी स्तर पर मकबूल कर दिया। 'चरनदास चोर' के जरिए तनवीर ने ये साबित कर दिखाया कि लोक परंपराओं के मेल और देशज रंगपद्धति से कैसे आधुनिक नाटक खेला जा सकता है।

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फैसला था। इस फैसले पर वे आखिर तक कायम रहे। अपने नाटकों के जरिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामायिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मकसद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नजरियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'बहादुर कलारिन' में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं' हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द पर और 'पोंगा पंडित' समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है। 'मिट्टी की गाड़ी' में वे समाज को लोकसत्ता से जोड़ने की ठोस कोशिश करते हैं। ऐसा नाटक जिसका कोई मकसद न हो उसके हबीब तनवीर खिलाफ थे। अपने जीते जी गाथा पुरुष बन जाने वाले हबीब तनवीर का रंगकर्म एक जुदा रंगकर्म था, जो हमेशा याद किया जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



*हबीब तनवीर भी आजादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी जिम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया।*

> *"हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को करीब से देखा। खासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुजारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई।"*

## व्यंग्य

# कद्दावर नेता बनने का मूलमंत्र



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

राजनीति में सक्रिय शख्सियत के पद और कद का निर्धारण उसकी ताकत के अनुसार होता है। आदमी अपने आप में अकेला आदमी ही होता है लेकिन जब वह नेता बनने की प्रक्रिया में होता है या नेता बन जाता है, तब उसके लिए ताकत दिखाना अनिवार्य हो जाता है। बिना ताकत दिखाए किसी को कुछ उपलब्धि हासिल हो जाए, ऐसा किसी और क्षेत्र में चाहे होता हो, लेकिन राजनीति में तो कतई नहीं होता। ताकत दिखाने के अनेक फार्मूले हुआ करते हैं, जो अलग अलग राजनीतिक स्थिति में परिवर्तनशील हुआ करते हैं। सत्ता विरोधी नेताओं के लिए अपना जनाधार दर्शाना अत्यंत आवश्यक होता है। इसके लिए भांति-भांति के आंदोलन का सहारा लिया जाता है।


ताकत दिखाने का सबसे कारगर तरीका यह होता है कि विशाल जन समूह में संबोधित करने का मौका मिल जाए। और अगले दिन की अखबारी सुर्खियों में छा जाना नसीब हो। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी ब्रेकिंग न्यूज में जगह सुरक्षित हो जाए, इस बात की भी भरपूर कोशिश की जाती है। जब भी ऐसा होता है तब नेता लोगों की कली-कली खिल जाया करती है। राजनीति में स्थापित होने के लिए वर्तमान दौर के चलन के अनुसार कुछ न कुछ निवेश भी करना होता है। खाली हाथ और खाली जेब की राजनीति आजकल के दौर में कोई मायने नहीं रखती। वे दिन अब हवा हो गए जब बिना हींग और फिटकरी के लोगों का मजमा जमाया जा सकता था। अब तो भीड़ जुटाने का भी अलग-अलग पैकेज निर्धारित होने लगा है।

बीते दौर की राजनीति में मजमा जमाने के लिए एक अदद गादीयुक्त तखत, दरी और ध्वनि विस्तारक यंत्र ही पर्याप्त हुआ करता था। लोगों की भीड़ इनकी और उनकी हर किसी की सभा सुनने को आतुर रहा करती थी। सभा स्थल पर लोग या तो पैदल दौड़े चले आते थे या अपने-अपने वाहनों पर आते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होता। कभी-कभी तो लोगों की भीड़ जुटाने के लिए फिल्मी दुनिया के सेलिब्रिटी को भी उनकी शर्तों के तहत बुलाया जाने लगा है। होने को तो ऐसा भी होता है कि कोई राजनीतिक दल तमाम नेताओं की वरिष्ठता को नकारते हुए सीधे-सीधे भीड़ जुटाऊ फिल्मी कलाकारों को उपकृत कर दिया करते हैं। देखते ही देखते राजनीति भी ग्लैमरस होती चली जा रही है। भीड़ जुटाने की क्षमता, राजनीतिक उपलब्धि की कारक सिद्ध होती है।

दिखाने के लिए लोगों की रेलम पेल के साथ रैलियां आयोजित की जाती हैं। चुनावी दौर में रोड शो करने के साथ-साथ नुक्कड़ सभाओं का भी सहारा लिया जाता है। इसके अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन के लिए धरना, भूख हड़ताल और घेराव के माध्यम से भी लोगों को एकत्रित कर अपनी ताकत का इजहार किया जाता है। लोकतंत्र बहुमत का खेल हुआ करता है। इसलिए इस बात का भरपूर ख्याल रखा जाता है कि विरोधियों ने जितने लोगों का जमावड़ा किया था, उससे कहीं अधिक हमारे द्वारा लोगों का जमावड़ा किया जाए। कल तक राजनीतिक दलों के पास सेवाभावी कार्यकर्ता होते थे। लेकिन अब आलम यह है कि बिना मेवा के सेवा के भाव जागृत ही नहीं होते। कोई घर फूंक कर तमाशा देखे- यह महंगाई के दौर में संभव ही नहीं है।



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
विश्वसंस्कृतदिवसे मम शुभकामनाः। अहं सर्वान् अभिनन्दामि ये एतदर्थं भावुकाः सन्ति। संस्कृतेन सह भारतस्य संबन्धः विशिष्टः।



**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
निर्माण, संपर्क, संचार, बन रहा प्रगति का आधार।



**दीया कुमारी**, बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों की मांगों को लेकर बूंदी में मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस की बर्बरता की मैं कड़ी निंदा करती हूं।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
जोखिम हमेशा बड़ा लेना चाहिए, जीत गए तो विजेता और कप्तान बनोगे, और हार गए तो सलाहकार।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
यदि हम प्रतिबद्ध हैं, तो हम बहुत कम पूर्वाग्रह और बदले में बहुत कम संघर्ष वाली दुनिया बना सकते हैं।



**स्वाति मालीवाल**,
दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष
@SwatiJaiHind
एक महिला ने हमको कंप्लेंट करके बताया है कि उसके 7 साल के बच्चे के साथ सरकारी स्कूल में यौन शोषण किया गया है। FIR दर्ज हुई है पर अभी तक कोई पकड़ा नहीं गया है।

## नॉलेज कॉर्नर: जर्मनी भूगोलशास्त्री मार्टिन ने किया इसका नामकरण

# आखिर कैसे पड़ा 'अमेरिका' का नाम

अमेरिका एक ऐसे देश का नाम जिसे, बच्चा-बच्चा भी जानता है। इसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के रूप में पहचाना जाता है। इसे अमेरिका, यूएस या संयुक्त राज्य अमेरिका के रूप में भी जाना जाता है। यह दक्षिणी अमेरिका का एक अत्यधिक विकसित देश है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भी देखा जाता है। क्रय-शक्ति क्षमता के अनुसार विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है। हालांकि इस देश की खोज आठ सौ से अधिक वर्ष पहले हो चुकी थी, लेकिन आधिकारिक रूप से इसकी स्थापना 4 जुलाई 1776 को हुई। वास्तव में सयुंक्त राज्य अमेरिका किसी एक देश का नाम नहीं है, बल्कि कई देशों का समूह है। लेकिन सामान्यतौर पर इसे अमेरिका कहा जाता है, जो कि उत्तरी अमेरिका में स्थित एक देश हैं। यह 50 राज्य एक फेडरल डिस्ट्रिक्ट, 5 प्रमुख स्व-शासनीय क्षेत्र और विभिन्न अधिनस्थ क्षेत्रों का समूह है।

### कोलंबस ने की खोज

वर्तमान में अमेरिका विश्व का सबसे समृद्ध तथा शक्तिशाली देश माना जाता है। इसका अत्यधिक विकास पिछले दो सौ वर्षो में सबसे अधिक हुआ है। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर इस देश की खोज किसने की, कौन व्यक्ति था जिसने सबसे पहले दुनिया के महान देश को ढूंढा। इसका जवाब ढूंढने पर जो नाम सामने आता है वह है, कोलम्बस। दरअसल कोलंबस भारत की खोज में निकला था, इसके लिए उसने तीन यात्राएं की। वह इटली का विश्वविख्यात यात्री था, जो स्पेन में नौकरी करता था। हम बचपन से पढ़ते आएं हैं कि अमेरिका की खोज कोलंबस ने की। लेकिन ऐसा क्या कारण रहा है कि इस देश का नाम कोलंबस के नाम पर न होकर किसी ओर व्यक्ति के नाम पर पड़ा। इसे जानना भी दिलचस्प होगा। हालांकि यह कोलम्बस का दुर्भाग्य रहा कि आज इस शक्तिशाली देश को किसी और के नाम पर जाना जाता है।



### अमेरिगो के नाम पर पड़ा नाम

कोलंबस ने 12 अक्तूबर 1492 को अपनी पहली यात्रा की, 24 सितंबर 1493 को दूसरी तथा वर्ष 1498 में तीसरी यात्रा की। जिसमें उसने ट्रिनिडाड और दक्षिणी अमेरिका के मुहाने को खोज निकाला। मगर उन्हीं दिनों स्पेन के एक अमेरिगो वेसपूशी नामक नाविक ने यह घोषणा कर दी कि दी कि वह दक्षिणी अमेरिका की मुख्य जमीन पर 16 जून 1497 को पहुंचने वाला पहला व्यक्ति है। 1500 ईस्वी के आस-पास उसके कई लेख प्रचलित हुए। इसके बाद जर्मनी भूगोलशास्त्री मार्टिन बाल्ड सी मूलर ने वेसपूशी के नाम पर इसका नाम अमेरिका रख दिया। तब से पूरी दुनिया में इसे इसी नाम से जाना जाने लगा।

**दुनिया की 4% आबादी**

*अमेरिका की आबादी पूरी दुनिया की केवल 4.3% है। मगर आर्थिक दृष्टि से यह एक मजबूत राष्ट्र है। विश्व की कुल संपत्ति में से 40% हिस्सेदारी अमेरिका के पास है। दुनियाभर में इसे औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिये ही सबसे अधिक जाना जाता है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

## दिल्ली एमसीडी मेयर शैली ओबेरॉय की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्षदों का भत्ता 833% बढ़ा, पहले मिलते थे 300 रुपए

# दिल्ली के 250 पार्षदों को अब प्रति मीटिंग मिलेगा 25 हजार रु. भत्ता

एजेंसी । नई दिल्ली



दिल्ली के 250 पार्षदों को एमसीडी मेयर शैली ओबेरॉय की अगुवाई में बड़ी सौगात मिली है। पार्षदों के अब सदन की बैठक में शामिल होने के लिए 25 हजार रुपए प्रति बैठक भत्ता मिलेगा। अभी ये राशि केवल तीन सौ रुपए प्रति बैठक थी, जिसे बढ़ाकर 25 हजार रुपए किया गया है। पार्षदों का भत्ता बढ़ाने का ऐलान करते हुए शैली ओबेरॉय ने कहा कि अभी तक पार्षदों को किसी भी एक्ट के तहत कोई सैलरी नहीं मिलती है, इससे उन्हें ऑफिस के खर्चों सहित अन्य कामों के लिए थोड़ी राहत मिलेगी। मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि सिविक सेंटर के सभागार में हुई मीटिंग में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें से कई प्रस्ताव पास किए गए। पार्षदों का भत्ता बढ़ाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि ये भत्ता पार्षदों की समस्याओं को ध्यान में रखकर बढ़ाया गया है। अभी तक पार्षदों को एक मीटिंग के लिए 300 रुपए का भत्ता दिया जाता था, इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### एक महीने में एक लाख से अधिक का नहीं मिलेगा भत्ता

एमसीडी मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि 300 रुपए के मिलने वाले भत्ते को बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रति मीटिंग कर दिया गया है। ये प्रस्ताव एमसीडी हाउस के सदन ने पास कर दिया है। हालांकि इसके लिए एक शर्त रखी गई। पार्षदों को महीने में एक लाख रुपए से अधिक भत्ता नहीं मिलेगा। जब मेयर शैली ओबेरॉय से सवाल किया गया कि पार्षदों को बढ़े हुए भत्ते का लाभ कब से मिलेगा? इस पर उन्होंने कहा कि डीएमसी एक्ट के तहत सारे संवैधिनक नियमों को फॉलो करते हुए ही भत्ता नियम दिया जाएगा। फिलहाल ये सदन से पारित हो गया है। अब ये फाइल यूडी और एलीजी कार्यालय में फाइल जाएगी, वहां से पास होने के बाद ही इसका लाभ पार्षदों को मिलेगा।

### विपक्षी दल BJP ने जताया विरोध

विपक्षी दल भाजपा ने इस कदम का विरोध जताया और उसके सदस्यों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया, जबकि कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने अपने वार्ड में स्वच्छता, पार्किंग और निवासियों के सामने आने वाली अन्य समस्याओं के मुद्दे उठाए, इसके कारण उनके और कुछ आप पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

### राहुल गांधी कल छत्तीसगढ़ में करेंगे 'युवा संवाद'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आगामी दो सितंबर को युवाओं की एक सभा को संबोधित करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। पार्टी से जुड़े नेताओं ने बताया कि राहुल गांधी दो सितंबर की दोपहर को 'युवा संवाद' में भाग लेने के लिए रायपुर जाएंगे और नए मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों से अवगत कराएंगे। राज्य में कांग्रेस और विपक्ष दोनों की नजर युवा मतदाताओं पर है। छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 48 लाख युवा मतदाता हैं और इनमें से 4.43 लाख पहली बार मतदाता बने हैं।

### लवली को मिली दिल्ली के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गुरुवार को दिल्ली के अपने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली को राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। लवली ने चौधरी अनिल का स्थान लिया है। अनिल ने मार्च, 2020 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। दिसंबर, 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस के इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से अनिल के स्थान पर अन्य नेता को नियुक्त किए जाने को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

## मुंबई में हो रही है 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक, नेताओं ने कहा...

# देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हुए एकजुट

एजेंसी । मुंबई

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने गुरुवार को कहा कि वे देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं और सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले की तैयारी के तहत एक साझा कार्यक्रम बनाएंगे। ' इंडिया' की दो दिवसीय बैठक यहां स्थित ग्रांड हयात होटल में हो रही है।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने कहा कि देश की एकता और संप्रभुता को मजबूत करना तथा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना समय की मांग है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबी और बेरोजगारी को दूर करने और किसानों का कल्याण करने के मुद्दे पर ध्यान देने में विफल रही है। 'इंडिया' की बैठक में हम साझा कार्यक्रम तय करने पर काम करेंगे। हम 'एक के सामने एक' के आधार (भाजपा के खिलाफ साझा उम्मीदवार खड़ा करना) पर मुकाबला करेंगे। लालू प्रसाद के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देगी जो समाज को बांट रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का मकसद देश को बचाना है। मान ने कहा कि देश का संघीय ढांचा खतरे में है। गठबंधन सीट की संख्या बढ़ाने या घटाने के लिए नहीं है, बल्कि देश बचाने के लिए है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बैठक में भाग लेने वाले दल देश, इसके लोकतंत्र और संविधान के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि इंडिया के नेता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एक साथ आए हैं। राजद नेता मनोज झा ने कहा कि गठबंधन देश को एकजुट करने का काम कर रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि 'इंडिया' के सामने नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों से हुए नुकसान की भरपाई करने की चुनौती है, जिसकी परिणति मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के रूप में हुई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि 'इंडिया' को लेकर जनता की जो प्रतिक्रिया आई है उससे प्रधानमंत्री और भाजपा पूरी तरह घबरा गए हैं।



### युवा इस देश की ताकत: महबूबा मुफ्ती

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि युवा इस देश की ताकत हैं। उन्होंने कहा, जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, नेताओं ने युवाओं को दिशा देने का काम किया है और जेएनयू, आईआईएम और इसरो जैसे संस्थान स्थापित किये हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने दावा किया कि भाजपा 'इंडिया' से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि उन्हें 'इंडिया' शब्द से नफरत है और एक आतंकवादी संगठन तक से इसका नाम जोड़ रहे हैं। यह केवल घृणा नहीं है, बल्कि इस बात का डर भी है कि गठबंधन सफल हो गया तो क्या होगा।

### BJP ने सोचा नहीं था कि इतने दल आएंगे एक साथ

**मुंबई।** कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की आलोचना करने के लिए गुरुवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भगवा पार्टी इसलिए "परेशान" है क्योंकि इसने उम्मीद नहीं की थी कि विभिन्न राज्यों की इतनी सारी पार्टियां एक साथ आ सकती हैं। बैठक के आयोजन में शामिल देवड़ा ने उम्मीद जतायी कि गठबंधन का दायरा बढ़ेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में कहा कि मुझे यकीन है कि हर कोई संविधान को मजबूत बनाना चाहता है। भारत के संविधान को मजबूत बनाना ही मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए ये दल एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में इस 'इंडिया' ब्लॉक की बैठक को सफल बनाने के लिए हर पार्टी एकजुट है।



### 'इंडिया' ने एजेंडा तय करने के लिए किया मंथन

**मुंबई।** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के शीर्ष नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिहाज से ठोस खाका खींचने और घटक दलों के बीच सहयोग पर विचार-विमर्श करने के लिए अनौपचारिक बैठक की। इंडिया के नेताओं ने अनौपचारिक मुलाकात की। समझा जाता है कि इस बातचीत में शुक्रवार को होने वाली औपचारिक बैठक का एजेंडा तय किया गया जिसमें गठबंधन की भविष्य की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। बैठक के बाद शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक अच्छी रही। कल आपको विस्तृत जानकारी मिलेगी। बैठक के बाद ठाकरे ने विपक्षी नेताओं के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। उधर कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बृहस्पतिवार शाम को कहा कि गठबंधन के नेता कल होने वाली बैठक में सीट-बंटवारे के तौर-तरीकों, समन्वय समिति और साझा न्यूनतम कार्यक्रम बनाने पर चर्चा करेंगे। अनौपचारिक बैठक शुरू होने से पहले राहुल गांधी को शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत से तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सांसद सुप्रिया सुले व पार्टी नेता जयंत पाटिल के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। उद्धव ठाकरे और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार भी आपस में हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करते देखे गए।

## उमर अब्दुल्ला से अलग हुई पत्नी

# कोर्ट ने दिया डेढ़ लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश




एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को अंतरिम भरण-पोषण के तौर पर अलग रह रही पत्नी को हर महीने 1.5 लाख रुपए देने का निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें अपने दोनों बेटों की शिक्षा के लिए हर महीने 60-60 हजार रुपए का भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

अदालत का आदेश पायल अब्दुल्ला और दंपती के बेटों की 2018 की निचली अदालत के आदेशों के खिलाफ याचिकाओं पर आया, जिसमें लड़कों के वयस्क होने तक उन्हें क्रमशः 75,000 रुपए और 25,000 रुपए का अंतरिम गुजारा भत्ता दिया गया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के पास अपनी पत्नी और बच्चों को 'उचित जीवन स्तर' प्रदान करने की वित्तीय क्षमता है और उन्हें एक पिता के रूप में अपने कर्तव्यों का त्याग नहीं करना चाहिए।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता (पायल अब्दुल्ला) के लिए याचिका की तारीख से अंतरिम रखरखाव राशि 75,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 1,50,000 रुपए प्रति माह की जाए...परिणामस्वरूप, यह न्यायालय प्रतिवादी को उनकी शिक्षा के उद्देश्य के लिए प्रत्येक पुत्र के लिए 60,000 रुपए प्रति माह का भुगतान करने का निर्देश देता है। उमर अब्दुल्ला ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि वह बच्चों के भरण-पोषण का अपना कर्तव्य निभा रहे हैं और उनकी पत्नी लगातार अपनी वास्तविक वित्तीय स्थिति को गलत बता रही हैं।

### साईं के दरबार में राजनाथ



*अहमदनगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य लोगों के साथ अहमदनगर जिले के शिरडी स्थित साईं बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। -पीटीआई*

## शिवसेना के सांसद गजानन कीर्तिकर ने साधा निशाना

# कांग्रेस के पिछलग्गू बने उद्धव, हिंदुत्व विरोधियों के लिए बिछा रहे कालीन

एजेंसी । मुंबई

शिवसेना के सांसद गजानन कीर्तिकर ने गुरुवार को शिवसेना (यूटीबी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वह कांग्रेस के पिछलग्गू बन गए हैं और यहां विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की बैठक की मेजबानी करते हुए उन लोगों के लिए कालीन बिछा रहे हैं, जिन्होंने हिंदुत्व विरोधी रुख अपनाया है।

राज्य में शिवसेना के मंत्री दीपक केसरकर के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते उत्तर पश्चिम मुंबई से सांसद कीर्तिकर ने यह भी दावा किया कि विचारधारा को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में एक विरोधाभास है। 'इंडिया' के नेता 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए अपनी साझा रणनीति तैयार करने के सिलसिले में मुंबई में एकत्र हो रहे हैं। महा विकास आघाड़ी में शामिल दल शिवसेना (यूटीबी), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) मुंबई में 'इंडिया' गठबंधन की तीसरी बैठक की मेजबानी कर रहे हैं। केसरकर ने कहा कि विपक्षी गुट में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर अब भी कोई स्पष्टता नहीं है।



### प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित होने के साथ बिखर जाएगी विपक्षी एकता

कीर्तिकर ने दावा किया कि जिस दिन विपक्ष अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित कर देगा, विपक्षी एकता बिखर जाएगी। उन्होंने दावा किया कि बालासाहेब ठाकरे ने हिंदुत्व के आधार पर शिवसेना का गठन किया था, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस के पिछलग्गू हो गए हैं।' कीर्तिकर ने कहा कि जब कांग्रेस नेताओं ने हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर को "माफीवीर" कहा तो शिव सेना (यूबीटी) के नेताओं ने कोई सवाल नहीं पूछा और इसके बजाय आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में भाग लिया। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री (समाजवादी पार्टी के प्रमुख दिवंगत मुलायम सिंह यादव का संदर्भ) जिन्होंने सरयू नदी के तट पर कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया था और लालू प्रसाद जिन्होंने लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा रोकी थी... उद्धव ठाकरे उनके लिए कालीन बिछाने जा रहे हैं।

### सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। राहुल गांधी हमेशा कहते रहे हैं कि सावरकर ने जेल से बाहर निकलने के लिए अंग्रेजों से माफी मांगी थी। शेलार ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि राहुल गांधी ने लगातार वी डी सावरकर का अपमान किया है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता आज शाम उस स्थान के पास जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे जहां वह भाषण देंगे। आशीष शेलार ने शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि वह कहते हैं कि वह सावरकर के कट्टर अनुयायी हैं, लेकिन जब राहुल ऐसे आपत्तिजनक बयान देते हैं तो वह चुप रहते हैं। भाजपा नेता आशीष शेलार ने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उन लोगों के मेजबान बन गए हैं जो शिवसेना से नफरत करते थे।

## जरूरी खबर

### जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष बनीं



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ एवं अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी। रेलवे बोर्ड, राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। जया वर्मा ने रेलवे बोर्ड की सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में हाल में ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में मीडिया को बताया था। इस हादसे में लगभग 300 लोगों की मौत हो गई थी। एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### मणिपुर: गोलीबारी की घटना में घायल दो लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में गोलीबारी की घटना में घायल हुए दो लोगों ने पिछले 12 घंटों के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही गुरुवार सुबह बिष्णुपुर जिले के खोइरेंटक तलहटी और चुराचांदपुर जिले के चिंगफेई और खौसाबुंग इलाकों में दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी की सूचना मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी की नई घटना बुधवार शाम से कुछ घंटों की शांति के बाद हुई। उन्होंने बताया कि बुधवार की इस हिंसा में घायल हुए एक व्यक्ति की मिजोरम के रास्ते गुवाहाटी ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति की गुरुवार सुबह लगभग नौ बजे चुराचांदपुर जिले के अस्पताल में मौत हो गई।

### आतंकवादियों के छह सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के छह सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है, जो पंजाब में 'सनसनीखेज अपराधों' को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह गिरफ्तारियां गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) और मोहाली पुलिस द्वारा की गईं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

## नौसेना के लिए DSC जहाज का किया अनावरण



**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के टीटागढ़ स्थित अपने शिपयार्ड में भारतीय नौसेना के लिए पहले डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) का अनावरण किया। कंपनी ने कहा कि टीआरएसएल भारतीय नौसेना के लिए इस तरह के पांच जहाज बना रही है। अधिकारियों के मुताबिक, सभी पांच डीएससी का कुल अनुबंध मूल्य लगभग 175 करोड़ रुपए था। डीएससी एक अत्याधुनिक जहाज है जो किसी भी वातावरण में नौवहन की सुविधा के लिए उन्नत तकनीकी क्षमताओं से लैस है। इसमें भारतीय नौसेना के गोताखोरों के लिए अत्याधुनिक उपकरण हैं। -पीटीआई

## 62 दिन तक चली अमरनाथ यात्रा हुई संपन्न

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर में पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना के साथ गुरुवार को वार्षिक बाबा अमरनाथ यात्रा संपन्न हो गई। करीब 62 दिनों तक चली अमरनाथ यात्रा के दौरान इस वर्ष 4.40 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने बताया कि भगवान शिव की पवित्र छड़ी (जिसे 'छड़ी मुबारक' कहा जाता है) को इसके संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि साधुओं और भक्तों के समूह के साथ गुरुवार तड़के पूजा अर्चना के लिए गुफा मंदिर लेकर पहुंचे। साधुओं और श्रद्धालुओं का समूह पहलगाम से 42 किमी की पदयात्रा कर गुफा मंदिर पहुंचा। इस दौरान इस समूह ने चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी में रात्रि विश्राम किया। एक जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के दौरान कुल 4,45,338 श्रद्धालुओं ने हिम 'शिवलिंग' के दर्शन किए। इस साल यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों 48 लोगों की मौत हो गई और 62 घायल हो गए। उन्होंने कहा कि यह मौतें मौसम संबंधी घटनाओं या प्राकृतिक कारणों से हुईं।

### बोले राहुल- अडाणी मामले की JPC से कराई जाए जांच

# 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका?

**एजेंसी** | मुंबई



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन कर गहन जांच कराई जानी चाहिए।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि 'जी20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। राहुल गांधी ने कहा कि स्पष्ट होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है? उन्होंने यह सवाल भी किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां उद्योगपति गौतम अडाणी की जांच और उनसे पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा माहौल जी 20 का है। यह दुनिया में भारत की स्थिति को लेकर है। भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक सज्जन (गौतम अडाणी) जो भारत के प्रधानमंत्री के करीबी हैं, उन्हें अपनी कंपनी के शेयर की कीमत बढ़ाने के लिए एक अरब डॉलर स्थानांतरित करने और उस पैसे का भारतीय संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उपयोग करने की क्यों अनुमति दी गई है? उन्हें मुफ्त यात्रा क्यों करने दी जा रही है? राहुल गांधी ने सवाल किया, 'ये पैसा किसका है? ये अडाणी जी का पैसा है या किसी और का पैसा है? अगर किसी और का है तो किसका है?'

राहुल गांधी ने कहा कि अब सवाल है कि इसके बारे में प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए।

### संसद के भीतर व बाहर जेपीसी की गूंजती रहेगी मांग

कांग्रेस ने सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाने के फैसले के बाद लगाया कि अडाणी समूह के खिलाफ नए खुलासे होने और विपक्ष की बैठक के चलते समाचारों का प्रबंधन करने की कवायद के तहत विशेष सत्र की घोषणा गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान भी अडाणी समूह के मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग सदन के भीतर और बाहर जारी रहेगी। रमेश ने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि समाचारों का प्रबंधन, मोदी शैली है। आज समाचारों में 'मोडानी घोटाले' पर नवीनतम खुलासे छाए हुए हैं।

### कई लोगों की आंखों में खटक रहा है एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत का उदय: भाजपा

अडाणी समूह के खिलाफ ताजा आरोपों को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधे जाने के बीच भाजपा ने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत का उदय कई लोगों की आंखों में खटक रहा है। खोजी पत्रकारों के वैश्विक नेटवर्क 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने अरबपति गौतम अडाणी के समूह पर आरोप लगाया है कि प्रवर्तक परिवार के सहयोगियों द्वारा मॉरीशस स्थित ऐसे निवेश कोष का इस्तेमाल करके समूह की कंपनियों में गुपचुप तरीके से सैकड़ों अरब डॉलर का निवेश किया गया, जिनका कोई अता-पता नहीं है। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जॉर्ज सोरोस जैसी कुछ ताकतें हैं... भारत, जो कभी एक नरम राष्ट्र हुआ करता था, आज एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। यह कई लोगों की आंखों में खटक रहा है।

### OCCRP के आरोपों के बाद अडाणी की कंपनियों के शेयरों में गिरावट

जांच रिपोर्ट मंच 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) के अडाणी समूह पर गड़बड़ी का आरोप लगाने के बाद समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों में गुरुवार को गिरावट आई। मंच ने आरोप लगाया है कि अरबपति गौतम अडाणी के प्रवर्तक परिवार के भागीदारों द्वारा प्रबंधित मॉरीशस स्थित 'अस्पष्ट' निवेश कोषों के माध्यम से सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाले समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया था। हालांकि, अडाणी समूह ने एक बयान में स्पष्ट रूप से इनका खंडन करते हुए कहा कि इसमें पुराने आरोपों को अलग तरीके से दोबारा पेश किया गया। गुरुवार को समूह की नौ कंपनियां घाटे में जबकि एक कंपनी बढ़त में बंद हुई।

### ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन करने का मामला

# सचिन के घर के बाहर प्रदर्शन

**एजेंसी** | मुंबई



विधायक बच्चू कडू और उनके समर्थकों ने यहां बांद्रा इलाके में सचिन तेंदुलकर के घर के बाहर गुरुवार को इस दिग्गज क्रिकेटर द्वारा एक ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन करने के विरोध में प्रदर्शन किया।

पुलिस ने विरोध प्रदर्शन में शामिल बच्चू और उनके 22 समर्थकों पर मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस बच्चू और उनके समर्थकों को प्रदर्शनस्थल से ले गई। 'प्रहार जनशक्ति पक्ष' के विधायक बच्चू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट के समर्थक हैं। विधायक और उनके 22 समर्थकों पर महाराष्ट्र पुलिस कानून की धारा 37 और 135 के तहत बांद्रा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए मांग की कि तेंदुलकर अपना भारत रत्न पुरस्कार लौटा दें क्योंकि वह ऑनलाइन गेम का प्रचार कर रहे हैं जो युवाओं को बर्बाद कर सकता है। पुलिस द्वारा ले जाए जाने से पहले बच्चू ने संवाददाताओं से कहा कि सचिन तेंदुलकर को अपना भारत रत्न पुरस्कार वापस कर देना चाहिए। यदि वह ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन करना बंद नहीं करते हैं तो हम आगामी गणेशोत्सव के दौरान हर उस गणेश पंडाल (आगामी गणपति उत्सव के दौरान) के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे, जहां यह विज्ञापन प्रदर्शित किया जाएगा और इसे हटाने की मांग करेंगे।

### 'प्रज्ञान' ने की चंद्र क्षेत्र में गंधक होने की पुष्टि

**बेंगलुरु।** इसरो ने गुरुवार को कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के रोवर 'प्रज्ञान' पर लगे एक अन्य उपकरण ने भी एक अलग तकनीक का उपयोग करके चंद्र क्षेत्र में गंधक (सल्फर) की मौजूदगी की पुष्टि की है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 'अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप' (एपीएक्सएस) नामक उपकरण ने चंद्रमा पर गंधक के साथ-साथ अन्य छोटे तत्वों का भी पता लगाया है। पोस्ट में कहा गया, ''चंद्रयान-3 की यह खोज वैज्ञानिकों को क्षेत्र में गंधक (एस) के स्रोत के लिए नए स्पष्टीकरण विकसित करने के लिए विवश करती है। इसरो ने सुरक्षित रास्ते की तलाश में घूमते रोवर का एक वीडियो भी जारी किया।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

# भरी कक्षा में शिक्षिका को दिया तीन तलाक

**एजेंसी** | बाराबंकी (उप्र)




बाराबंकी जिले में एक अजीबोगरीब घटना में एक व्यक्ति ने तुरंत साथ चलने से मना करने पर अपनी शिक्षिका पत्नी को भरी कक्षा में तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बाराबंकी शहर स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका तमन्ना के शौहर शकील ने पिछली 24 अगस्त को स्कूल जाकर कक्षा में छात्र-छात्राओं के सामने उसे तीन तलाक दे दिया। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र के बेगमगंज मुहल्ले की तमन्ना का निकाह एक सितंबर 2020 को फिरोजाबाद जिले के मोहम्मद शकील से हुआ था। उनके अनुसार तमन्ना का आरोप है कि निकाह के एक महीने बाद से ही पति, सास एवं ससुराल के अन्य लोग उसके साथ मारपीट करते हुए दहेज की मांग करने लगे थे। तमन्ना ने यह भी आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल के लोगों ने एक दिन उसे योजनाबद्ध तरीके से मायके भेज दिया और शकील उसे बिना बताए सऊदी अरब चला गया।

नगर कोतवाली के इंस्पेक्टर संजय मौर्य ने बताया कि महिला तमन्ना की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है।

### भारत का पहला सौर मिशन

# सूर्य के अतीत, वर्तमान तथा भविष्य पर और रोशनी डालेगा आदित्य L-1

**एजेंसी** | कोलकाता

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि दो सितंबर को इसरो द्वारा प्रक्षेपित किए जाने वाले भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद सूर्य के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी।

आने वाले दशकों और सदियों में पृथ्वी पर संभावित जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए यह आंकड़े महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। सौर भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी ने कहा कि आदित्य एल-1 पहले लैग्रेंजियन बिंदु तक जाएगा, जो पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है और फिर वह उस डेटा को प्रसारित करेगा। इसका अधिकांश भाग पहली बार अंतरिक्ष में किसी मंच से वैज्ञानिक समुदाय के पास आएगा। इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल-1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। लैग्रेंज बिंदु ऐसे संतुलन बिंदु को कहा जाता है जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वीय बल बराबर होते हैं। आदित्य एल-1 को सूर्य-पृथ्वी की व्यवस्था के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल-1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। यहां से सूर्य को बिना किसी व्यवधान या ग्रहण के लगातार देखने का लाभ मिलेगा। बनर्जी, उस टीम का हिस्सा हैं जिसने 10 साल से अधिक समय पहले मिशन की योजना पर काम किया था।

### सूर्य के अध्ययन के लिए ISRO लॉन्च करेगा आदित्य एल-1



### पृथ्वी की जलवायु के छिपे इतिहास का पता लगाने में भी मदद कर सकता है यान

दीपांकर बनर्जी ने बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व या जीवन मूलतः सूर्य की उपस्थिति के कारण है जो हमारा निकटतम तारा है। सारी ऊर्जा सूर्य से आती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि क्या यह उतनी ही ऊर्जा उत्सर्जित करेगा (जैसा कि यह अभी करता है) या इसमें परिवर्तन होने वाला है। उन्होंने कहा कि यदि कल सूर्य उतनी ही मात्रा में ऊर्जा उत्सर्जित नहीं करेगा तो इसका हमारी जलवायु पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अंतरिक्ष यान पृथ्वी की जलवायु के छिपे इतिहास का पता लगाने में भी मदद कर सकता है क्योंकि सौर गतिविधियों का ग्रह के वायुमंडल पर प्रभाव पड़ता है। बनर्जी ने कहा कि पृथ्वी पर कई हिमयुग रहे हैं। लोग अभी भी पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं कि ये हिमयुग कैसे बने और क्या सूर्य इनके लिए जिम्मेदार था।

### सूर्य के इतिहास का मॉडल तैयार करने की जगाएगा उम्मीद आदित्य एल-1

नैनीताल में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के निदेशक दीपांकर बनर्जी ने कहा कि यदि लैग्रेंजियन बिंदु से सूर्य की लंबी अवधि तक निगरानी की जा सकती है तो यह सूर्य के इतिहास का मॉडल तैयार करने की उम्मीद जगाएगा। वैज्ञानिक ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि हर 11 साल में सूर्य की चुंबकीय गतिविधि में बदलाव होता है, जिसे सौर चक्र के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सौर वायुमंडल में चुंबकीय क्षेत्र में भी कभी-कभी व्यापक परिवर्तन होते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा का भारी विस्फोट होता है, जिसे सौर तूफान कहा जाता है। बनर्जी ने कहा कि बाहरी सौर वातावरण (कोरोना) मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों द्वारा संरचित है, जो गर्म प्लाज्मा को सीमित करता है। निश्चित समय पर यह अंतरग्रहीय माध्यम में गैस और चुंबकीय क्षेत्र के बुलबुले छोड़ता है, जिसे 'कोरोनल मास इजेक्शन' कहते हैं। वैज्ञानिक ने कहा कि जब वे अंतरग्रहीय माध्यम में यात्रा करते हैं तो वे सभी दिशाओं में जा सकते हैं। कोरोनल मास इजेक्शन के प्रभाव से उपग्रह सीधे प्रभावित होते हैं। सौर आंधी के कारण चंद्रमा समेत अन्य ग्रह प्रभावित होते हैं।

### विजन विद विनायक में आफताब शिवदासानी, भाग्यश्री और अमन हुए रूबरू

# आज मोबाइल में सिमट आई दुनिया

**विजन विद विनायक**

**बेधड़क | जयपुर** पहले स्टार के बारे में जानकारी चाहिए होती थी तो मैग्जीन और न्यूज पेपर उठाने पड़ते थे। अब सब कुछ मोबाइल में है। सोशल मीडिया पर है। ऐसे में मुझे लगता है कि चैलेंज और स्ट्रगल बढ़ गया है। मैंने बॉलीवुड में दोनों ही दौर देखे और बहुत कुछ सीखा है। मैं इंडस्ट्री के लंबे अनुभव को ग्रोथ के लिए इस्तेमाल करता हूं और सेट पर मेरे लिए सब बराबर होते हैं। बॉलीवुड के यह अनुभव और जर्नी बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदासानी ने शेयर की। वे एक्ट्रेस भाग्यश्री और डायरेक्टर अमन प्रजापत के साथ अपने वीडियो सॉन्ग बरसात के प्रमोशन के दौरान 'सच बेधड़क' के ऑफिस में विजन विद विनायक में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा से रूबरू हुए।



### सोशल मीडिया से ज्यादा प्यार नहीं

आफताब ने कहा कि सोशल मीडिया आज बहुत अच्छा टूल है। बस उसे अच्छे काम के लिए उपयोग करना होगा। मैं भी अपनी ग्रोथ और काम के लिए सोशल मीडिया यूज करता हूं और बाकी मुझे प्राइवेसी पसंद है। इससे ज्यादा प्यार नहीं है। हालांकि, आज सोशल मीडिया ने सबकुछ बदल दिया है। इससे सब स्टार बन गए हैं। ऐसे में इन चीजों को ब्रेक करना आसान नहीं है। विनायक शर्मा के एक्टर नहीं होते तो क्या होते? के सवाल पर उन्होंने कहा, बस फिल्मों और एक्टिंग से बहुत प्यार करता हूं। आज तक जो भी सीखा है उसे स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए उपयोग करता हूं। शर्मा के मस्ती मूवी के सवाल पर उन्होंने कहा, ये बहुत डेंजर्स मामला है (हंसते हुए)। हालांकि लोग कहते हैं कि कोविड बहुत हो गया अब मस्ती का चौथा पार्ट लाओ। लोगों को उसका इंतजार है। बात की जाए मूवी की तो मस्ती को मस्ती की तरह ही शूट किया। वो सिर्फ मनोरंजन था।

### शूट के दौरान लहंगा रहा टॉकिंग पॉइंट

शर्मा ने जब भाग्यश्री से पूछा कि शूट का अनुभव कैसा रहा? तो उन्होंने कहा, मेरा लहंगा टॉकिंग पॉइंट रहा, क्योंकि वह बहुत भारी था और संभालना मुश्किल हो रहा था। मुसीबत तब और बढ़ गई, जब लहंगे को बारिश में भिगो दिया गया। वह और भारी हो गया। मैं और आफताब व स्टाफ उसे ही संभालते रहते थे। लोग मुझे हाथ पकड़कर चलाते थे। उन्होंने मूवी करने के सवाल पर कहा कि अवसर मिलेगा तो जरूर करूंगी। वैसे उस दौरान मेरे लिए कंटेंट मायने रखेगा। दूसरी ओर उन्होंने आफताब जैसे सीनियर आर्टिस्ट के साथ काम करने के बारे में कहा अंदर ही अंदर सोच रही थी, कि किस तरह से शूट हो पाएगा? कहीं हम दब न जाए आदि लेकिन आफताब ने हर जगह सपोर्ट किया और बहुत कुछ सीखने को मिला।

### भाई का रहा बड़ा सपोर्ट

एक्ट्रेस भाग्यश्री ने कहा, आर्मी बेकग्राउंड से हूं। वहां डिसीप्लेन ही सबकुछ है। ऐसे में एक्टिंग की लाइन में आने में मेरे भाई का बड़ा सपोर्ट रहा। उसने आगे बढ़ाया और मेरी पसंद का काम करने में सहारा बना। हमारे यहां तो सुबह 5 बजे उठा दिया जाता है। ऐसे में मुंबई आकर काम करना चैलेंज रहा। वहां सब उल्टा ही मिला। मुंबई में दिन तो रात होती है और रात दिन।



फोटो: राजेश कुमावत

### देख-देखकर सीखा, असिस्ट नहीं किया

अमन ने बताया कि कभी असिस्ट नहीं किया। जो सीखा खुद देख-देख कर सीखा। शूट पर जाता था और चीजों को देखता था, क्योंकि मेरा मानना है कि यदि पोजिटव रहेंगे तो रिजल्ट जरूर मिलेंगे। अमन ने बताया, वेब सीरीज पर काम कर रहा हूं। उसे लिख भी स्वयं रहा हूं। बात की जाए जयपुर की तो जयपुर से हूं तो यहां शूट करना बनता था।

## करण गोवा में दिखा रहे टैलेंट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर का टैलेंट गोवा में दुनिया भर के म्यूजिक लवर्स को चीयरअप कर रहा है और अपनी उंगलियों के जादू से उनको झुमा रहा है। शहर के करण राज शर्मा (DJ-KAI) गोवा में परफॉर्म कर रहे हैं। उन्होंने गोवा से बताया कि जयपुर में डीजेइंग शुरू की और देश के कई शहरों में अपने म्यूजिक को लेकर गया। अब गोवा के क्लब हबाना में उंगलियों का जादू दिखाने को मौका मिला है। यहां दुनिया भर के डीजेज भी परफॉर्म करते हैं और उनके बीच गुलाबी नगरी से आकर म्यूजिक प्ले करना गर्व की बात है।

## रजलीला में दिखेगी संस्कृति

**बेधड़क. जयपुर।** आकाशवाणी की ओर से भारत की जी-20 अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप देश के विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों की प्रस्तुति 'रजलीला' 1 सितंबर को शाम 4 बजे रवींद्र मंच पर होगी। कार्यक्रम में लोकगीतों और लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति की झलक से दर्शक रूबरू होंगे। रज लीला में कोलकाता, रांची, नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, जालंधर जयपुर आदि स्थानों के कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

## मीणा व सम्पतराम सेवानिवृत्त



**बेधड़क. जयपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (डीआईपीआर) के उप निदेशक के.एल मीना एवं सम्पतराम चांदोलिया को उनकी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर गुरूवार को डीआईपीआर मुख्यालय, सचिवालय पर भावभीनी विदाई दी गई। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक पुरूषोत्तम शर्मा ने मीना एवं चांदोलिया को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों ने विभाग में अतुलनीय सेवा दी है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक महेशचन्द्र शर्मा सहित विभाग के अधिकारी और सेवानिवृत्त होने वाले दोनो अधिकारियों के परिजन भी उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### रैंप पर होंगी सोने-चांदी की पोशाकें



**बेधड़क, जयपुर।** शादियां ब्राइडल फैशन एंड ज्वेलरी शो के 2 सितंबर को होटल क्लार्क्स आमेर में होने वाले चौथे सीजन में पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी, कला व संस्कृति विभाग, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, जयपुर नगर निगम हेरिटेज के सहयोग से संस्कृति की आभा पेश होगी। जश्न से डिजाइनर हर्षिका राणावत और अनुराधा राठौड़ हैवी ब्राइडल कलेक्शन में राजस्थानी रजवाड़ों से प्रेरित शुद्ध सोने और चांदी के तारों से तैयार की गई 120 साल से सहेजी पोशाके रैंप पर उतारेंगी। साथ ही शुद्ध सोने के वर्क से निर्मित शिफॉन की साड़ियां आकर्षित करेंगी। साथ सत्यम साडीज भी अपने नए ब्राइडल और यंग ब्राइड्स के लिए हैवी साड़ियों का कलेक्शन शोकेस करेंगे। जूलरी में अग्रवाल एंड कंपनी से नारायण अग्रवाल और विपुल अग्रवाल, ज्वेल्स और राजपुतान के कुलभूषण सहतानी खास जूलरी कलेक्शन में कुंदन, मीना, ओपन पोल्की, डायमंड और ट्रेडिशनल जड़ाउ की आकर्षक हैवी और ब्राइडल कलेक्शन को मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

### अनूठी परंपरा पर बनेगी फिल्म

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के पुष्कर में सदियों से मौजूद पुश्तैनी परंपरा पर अब मूवी बनाई जाएगी। इस परंपरा का आकर्षण दुनियाभर के सैलानियों को रहता है। इसके लिए फिक्शन, शार्ट फिल्म, डॉक्युमेंट्री, ड्रामा, सीरियल आदि का अनुभव रखने वाले राजकिशोर सक्सेना ने कदम बढ़ाए हैं। दूरदर्शन में लंबी सेवाएं देने के बाद अब सिने जगत में उतरे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान की एक ऐसी परंपरा पर फिल्म बना रहा हूं जो अभी तक सिने जगत से अछूती है। फिल्म की कहानी मुरारी गुप्ता की है। फिल्म मैच्योर थीम पर है, लेकिन रोमांस, ड्रामा, कॉमेडी और राजस्थान की पृष्ठभूमि पर रहेगी। मूवी में मुंबई के कुछ नामचीन चेहरे भी नजर आएंगे और स्थानीय प्रतिभाएं भी शामिल होंगी।



### रक्षा बंधन पर्व को हर उम्र के लोगों ने किया सेलिब्रेट

## जयपुराइट्स ने राखी के साथ-साथ में किया गेट-टू-गेदर



**बेधड़क | जयपुर**

रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार को भी उल्लास और उमंग से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर पूजा की। दूसरे दिन भी जयपुर में राखी बांधने के लिए उत्साह देखा गया। बाजार में भी दो दिन तक रौनक रही और राखी व मिठाइयों की दुकानें स्पेशल तैयारी के साथ खुली। ऐसे में जयपुराइट्स ने दो दिवसीय राखी पर्व को अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। शुभ मूहर्त में न केवल घरों में, बल्कि रेस्टोरेंट्स और होटल्स में विशेष तैयारी की गई। लंच व डिनर के साथ आउटडोर में राखी का पर्व मनाने वाले भी बहुत लोग थे। फेमिली मैंबर्स एक साथ एक मंच पर आए और कई स्थानों पर तीन पीढ़ियों ने एक साथ पर्व मनाया। दुर्गापुरा में आशीष ने बताया कि विशेषतौर से हर बच्चे, बड़े, महिला-पुरुषों को कई दिनों पहले बोल दिया था कि सभी एक साथ राखी मनाएंगे। फिर टाइम मिलाकर एक जगह एकत्रित हुए और एक ही मूहर्त में रक्षा सूत्र बांधा गया। इस दौरान आशीष, निखिलेश, अनंत, अंकिता, नीरज, सोनल, अवध, अक्षिता, अभिषेक, शिखा, तनिष्क, शिव, निष्ठा, अथर्व, रिधान और इशिता आदि ने एक साथ गेट-टू-गेदर करते हुए राखी बांधी।

### श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में मनाया प्राकट्य उत्सव

## 108 कलशों और नारियल पानी से बलराम का अभिषेक



**बेधड़क | जयपुर**

जगतपुरा के हरे कृष्ण मार्ग स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में गुरुवार को बलराम पूर्णिमा महोत्सव का आगाज हुआ। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान श्रीबलराम का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। हजारों भक्तों की उपस्थिति में बलराम के जन्म पर मंदिर में श्रावण पूर्णिमा की शाम महाआरती आकर्षण रही। मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत भगवान कृष्ण और बलराम के उत्सव विग्रह के अभिषेक से हुई। भगवान श्रीकृष्ण बलराम मंदिर से पालकी के आगे संकीर्तन करते भक्तों का नजारा खास था। पालकी को नए भवन के सुसज्जित हॉल में लाया गया, जहां पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, मीठे जल), पंचगव्य और विविध प्रकार के फलों के रस, औषधियों से मिश्रित जल से भरे 108 कलशों और नारियल पानी से अभिषेक किया। अभिषेक के बाद भगवान बलराम पर फूलों से होने वाली वर्षा ने लोगों को रोमांचित कर दिया। श्रीकृष्ण बलराम को विशेष प्रकार के 108 भोग अर्पित किएग। शाम को पालकी को फिर मंदिर लाया गया। मंदिर अध्यक्ष ने बताया कि जयंती के हर कार्यक्रम का यूट्यूब चैनल 'हरे कृष्ण जयपुर' पर लाइव प्रसारण किया गया।

**आपबीती** डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया में रनरअप रहे दिव्यम पहुंचे जयपुर

# नोरा फतेही से दो बार किस मिलना एक बड़ा अचीवमेंट

**बेधड़क | जयपुर**

गाने की डिमांड के हिसाब से डांस होना चाहिए। किसी भी गाने में कोई भी स्टेप्स डाल देने को डांस नहीं कहते हैं। मुझे हिप-हॉप पसंद है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैं हर गाने में हिप हॉप डाल दूं।

डांस पर ये तकनीकी शब्द थे शाहरुख और सलमान को अपने स्टेप्स पर डांस करा चुके हिप हॉप इंडिया सीजन-1 के रनरअप का टाइटल जीतने वाले और इसी रनिंग शो में नोरा फतेही से दो बार किस ले चुके जयपुर मानसरोवर के दिव्यम विजयवर्गीय।

### 2011 में शाहरुख ने किया प्रोत्साहित

दिव्यम ने बताया कि जी टीवी पर डांस रियलिटी शो डांस लिटिल मास्टर्स से सफर शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने कोरियोग्राफर टेरेंस लुइस से डांस का डिप्लोमा किया और कई स्टेज शो में पार्टिसिपेट कर हुनर को शोकेस किया। 2011 में आई शाहरुख खान की मूवी रा-वन के समय उनसे मिला उन्होंने बहुत प्रोत्साहित किया। दिव्यम ने हिप हॉप इंडिया के बारे में बताया कि यह एक डांस रियलिटी शो है, जिसमें पूरे इंडिया से बस 12 बेस्ट डांसर्स को ही सलेक्ट किया गया था। शो में कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और एक्ट्रेस नोरा फतेही जज की भूमिका में थे। जब कॉल आया तो मुझे विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि एक मंच पर इंडिया के बेस्ट डांसर्स के साथ के कॉम्पीटिशन करना बहुत बड़ी बात थी। अंदर से मैं नर्वस था, लेकिन हौसले बुलंद थे। शो में लगातार अच्छा करता गया और फाइनलिस्ट बना।



### रैपर डिवाइन के साथ काम करना मेरा सपना

वायरल वीडियो पर कहा, कि मैंने कभी नहीं सोचा था। मेरी परफॉर्मेंस, आर्ट, स्किल्स और टैलेंट को देखते हुए नोरा ने एक नहीं, बल्कि दो बार इस शो में किस दिया। साथी बोले कि ये तो अचीवमेंट है। ख्वाबों के बारे में कहा कि रैपर डिवाइन के साथ काम करना है। डिवाइन ही एक ऐसे शख्स हैं, जिनके सॉन्ग्स सुनकर मैं मोटिवेट व इंस्पायर होता था। उनकी लिखी हुई लाइंस को सुनकर ही जीवन में आगे बढ़ने की हिम्मत मिली। गौरतलब है दिव्यम विजयवर्गीय कई सारे म्यूजिक वीडियोज के अलावा पेप्सी के एड में रणवीर सिंह, रियलमी के एड में अर्जुन कपूर के साथ नजर आ चुके हैं। फीफा वर्ल्डकप में नोरा फतेही की डांस परफॉर्मेंस की कोरियोग्राफी दिव्यम ने की थी। जल्दी ही मूनवॉक टाइटल से वेबसीरीज आने वाली है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शुक्रवार, 01 सितंबर, 2023



जो था अच्छा था, जो है बेहतर है, जो मिलेगा बेहतरीन होगा। उस परम सत्ता के पास सबके लिए कुछ न कुछ बेहतरीन मौजूद है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## फिलीपींस में कारखाने में लगी भीषण आग, 15 लोगों की मौत





*__मनीला।__ यहां आवासीय क्षेत्र में कपड़ों के एक कारखाने में गुरुवार को आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान बाढ़, यातायात जाम और गलत पते के कारण दमकलकर्मियों को पहुंचने में भी देरी हुई। मृतकों में से ज्यादातर कारखाने के कर्मचारी थे, जो आज सुबह हुई घटना के दौरान कमरों में सोए हुए थे। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने कहा कि कुछ लोग कमरों के बाहर गलियारे में मृत पाए गए और मृतकों में कारखाने का मालिक और उसका बच्चा भी शामिल है। तीन लोग आग की वजह से दूसरी मंजिल से कूदकर घायल हो गए। बाढ़ और यातायात जाम होने तथा गलत पता दिए जाने के चलते दमकल सेवा लगभग 14 मिनट की देरी से पहुंची।* **-पीटीआई**

### इटली की PM के पार्टनर का विवादित बयान...

# रेप से बचना है तो शराब से दूर रहें महिलाएं... PM ने बनाई दूरी

**एजेंसी** | रोम

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के पार्टनर एंड्रिया गिआम्ब्रुनो ने देश में बढ़ते रेप केसों को कम करने के लिए महिलाओं को अजीब सलाह दी है।

उनका कहना है कि महिलाएं अधिक शराब न पीकर रेप होने से बच सकती हैं। देश में हाई प्रोफाइल गैंगरेप रेप मामले में बहस के दौरान एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अगर आप डांस करते हैं तो आप नशे में हो सकते हैं, लेकिन अगर आप नशे से बच सकें तो शायद आप मुसीबत में पड़ने से भी बच जाएं, क्योंकि तब आपको कोई भेड़िया नहीं मिलेगा। उनके इस बयान पर देश में बवाल मच गया है। विपक्षी दलों से लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

इन दिनों नेपल्स और पलेर्मो के पास हाल ही में हाई-प्रोफाइल सामूहिक बलात्कार का मामला मीडिया में सुर्खियों पर छाया हुआ है। एक दक्षिणपंथी चैनल रेटे 4 पर शो के लिए बोलते हुए एंड्रिया गिआम्ब्रुनो ने कहा, "यदि आप नृत्य करते हैं तो आप नशे में होने के पूरी तरह से हकदार हैं... लेकिन यदि आप ऐसा करने से बचते हैं तो शायद आप भी मुसीबत में पड़ने से बच जाएंगे, क्योंकि तब आपको भेड़िया नहीं मिलेगा।"



### पीएम बोलीं, बयान को मेरा समर्थन नहीं

टिप्पणियों ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया है। उन पर पीड़िता को ही दोषी ठहराने और आरोपी कहने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। उधर, विपक्षी दलों ने देश की पीएम जियोर्जिया मेलोनी से अपने साथी द्वारा की गई टिप्पणियों का समर्थन न करने आह्वान किया है।

### बवाल मचा तो बयान पर सफाई

अपने बयान का बचाव करते हुए एंड्रिया गिआंब्रूनो ने कहा, "अगर मैंने कुछ गलत कहा होता तो मैं माफी मांग लेता। कहा, "मैंने कहा कि बलात्कार एक घृणित कृत्य है। मैंने युवाओं से यह कहा कि वे नशे के लिए बाहर न निकलें और नशीली दवाएं न लें। मैंने उन्हें सावधान रहने की सलाह दी क्योंकि, दुर्भाग्य से, बुरे लोग हमेशा हमारे आस-पास होते हैं। मैंने यह नहीं कहा कि पुरुषों को नशे में धुत महिलाओं से बलात्कार करने का अधिकार है।"

### पाकिस्तान: शक्कर के दाम में लगी आग... हाहाकार

# अब चीनी 185 रुपए किलो

**एजेंसी** | इस्लामाबाद।

महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान में चीनी का भाव कहर बनकर टूटा है। बिजली का भारी बिल भर रही जनता अब प्रति किलो चीनी के लिए 185 रुपए चुका रही है। पाकिस्तान में महंगाई का आलम यह है कि उनकी थाली से रोटियां, सब्जियां और अब मिठाइयां भी गायब हो गई हैं, जिससे उनका मुंह फीका पड़ गया है।

पाकिस्तान में चीनी का स्टॉक भी खत्म होने को है, जिस वजह से वहां चीनी के भाव आसमान छू रहे हैं। पाकिस्तान को दूसरे देशों से चीनी आयात करना पड़ रहा है। आयात की जाने वाली चीनी भाव वहां की जनता की जेब को ढीली करने वाला है। पाकिस्तान में 220 रुपये प्रति किलो की दर से आयातित चीनी का ऑर्डर दिया जा रहा है। खाद्य विभाग के पास फिलहाल 10 लाख टन सरप्लस चीनी कैरी-फॉरवर्ड है। पाकिस्तान के खाद्य विभाग को इसका इस्तेमाल संभलकर करना होगा।



### मुफ्त बिजली पर लगेगी लगाम!

केयर टेकर पीएम काकर ने बैठक में कहा कि हम जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे, जिससे देश को नुकसान हो। हम ऐसे कदम उठाएंगे जिससे राजकोष पर बोझ नहीं पड़े और उपभोक्ताओं को भी सुविधा मिले। पीएमओ ने संबंधित विभागों और मंत्रालयों को उन अधिकारियों का ब्योरा जमा करने का निर्देश दिया, जिन्हें मुफ्त बिजली दी जा रही है। पीएमओ के बयान के अनुसार, सोमवार को एक और दौर की बैठक होगी।

### 220 रुपए देनी होगी कीमत

खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि सरप्लस चीनी भंडार कम होने से आयातित चीनी बाजार में आ जाएगी, जिससे नागरिकों को 100 रुपए प्रति किलोग्राम की आधिकारिक दर पर 220 रुपए प्रति किलोग्राम पर चीनी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इधर, पाकिस्तान में बिजली के बिल में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ मुल्तान, लाहौर और कराची समेत अनेक शहरों में प्रदर्शन हो रहे हैं।

### अमेरिका के जॉर्जिया राज्य ने किया ऐलान...

# अक्टूबर महीना होगा 'हिंदू विरासत माह'

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

अमेरिका के जॉर्जिया ने राज्य में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के योगदान को सम्मान देते हुए अक्टूबर को आधिकारिक रूप से 'हिंदू विरासत माह' घोषित किया है। गवर्नर ब्रायन कैंप ने एक आधिकारिक बयान जारी कर अक्टूबर को 'हिंदू विरासत माह' के रूप में मनाने की घोषणा की। इसमें कहा गया कि इसमें हिंदू विरासत को उसकी संस्कृति और भारत में निहित विविध आध्यात्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मनाया जाएगा। गवर्नर ने 23 अगस्त को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि हिंदू-अमेरिकी समुदाय ने जॉर्जिया के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाकर राज्य की जीवन शक्ति में जबरदस्त योगदान दिया है। सीएचएनए (कॉएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका) ने 'एक्स' पर लिखा, "यह हिंदूज ऑफ जॉर्जिया के हमारे दोस्तों के अथक समर्पण से संभव हुआ। हिंदू धर्म ने अमेरिका के सांस्कृतिक परिवेश में महती योगदान दिया है।" इस साल की शुरुआत में जॉर्जिया विधानसभा ने 'हिंदूफोबिया' की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा करने वाला जॉर्जिया पहला यूएस राज्य बना था।



## पाकिस्तान में ऑनर किलिंग, बेटी की हत्या

**लाहौर।** पाकिस्तान में झूठी शान के लिए हत्या के ताजा मामले में पंजाब प्रांत में पिता ने अपनी 25 वर्षीय डॉक्टर बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना पंजाब की राजधानी लाहौर से करीब 300 किमी दूर मियांवाली में हुई। पुलिस ने बताया कि सिद्रा खान अपने सहकर्मी डॉक्टर से शादी करना चाहती थीं, लेकिन उनके पिता को यह मंजूर नहीं था। पुलिस ने कहा, 'करीब एक सप्ताह पहले सिद्रा के पिता ने उसे गोली मारी थी।'

### चीन: चैटबॉट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध


# AI एर्नी बॉट जनता के लिए जारी

**एजेंसी** | हांगकांग

चीनी सर्च इंजन और कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी बायडू ने चैटजीपीटी के समकक्ष अपने भाषा मॉडल को गुरुवार को जनता को पूर्ण रूप से उपलब्ध कराया। कंपनी के इस ऐलान से उसके शेयर की कीमत तीन फीसदी से अधिक बढ़ गई।

अमेरिका से प्रतिद्वंद्विता के लिए बीजिंग कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक प्रमुख उद्योग के रूप में देखता है और 2030 तक इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करने का लक्ष्य रखता है। अमेरिकी चैटजीपीटी की शुरुआत करने के बाद चीन की प्रौद्योगिकी कंपनियां भी अपने-अपने एआई मॉडल को उद्घाटित करने की दौड़ में कूद पड़ी हैं। बायडू ने कहा कि एर्नी बॉट आधिकारिक वेबसाइट और एक ऐप के माध्यम से आम जनता के लिए पूरी तरह से उपलब्ध है जो अभी तक केवल चीन के ऐप स्टोर में उपलब्ध था। एर्नी बॉट उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए प्रश्नों और संकेतों के जवाब में पाठ और छवियां मुहैया कराता है।

बायडू के सीईओ रॉबिन ली के मुताबिक मॉडल को सार्वजनिक करके बायडू वास्तविक जगत में बड़े पैमाने पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने में समक्ष होगा।




### देह को भेद रहा माइक्रोप्लास्टिक

# हार्ट में मिली प्लास्टिक की नौ किस्में

**एजेंसी** | ओटावा

यूनिवर्सिटी ऑफ विक्टोरिया के वैज्ञानिकों ने साइंस जर्नल एसीएस पब्लिकेशन्स में छपी एक स्टडी में यह बताकर कि हर साल हम प्लास्टिक का छोटा-मोटा पहाड़ खा रहे हैं, चौंका दिया है। ह्यूमन कन्जंप्शनऑफ माइक्रोप्लास्टिक के अनुसार एडल्ट्स हर साल 39 से लेकर 55 हजार प्लास्टिक के टुकड़े निगल या सांस के जरिए ले रहे हैं।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इंसानों नसों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता लगाया। ग्राम ऊतक में माइक्रोप्लास्टिक के लगभग 15 कण मिले। इस तरह से हर हफ्ते हम लगभग एक क्रेडिट कार्ड जितना प्लास्टिक खा जाते हैं। ये प्लास्टिक नसों से होते हुए हार्ट और ब्रेन तक पहुंचने लगा है।



### चूहों पर किया प्रयोग

यूनिवर्सिटी ऑफ रोड आयलैंड की प्रोफेसर जैमी रॉस की अगुआई में एक्सपर्ट्स ने ब्रेन तक पहुंच रहे प्लास्टिक की जांच की और ये समझना चाहा कि इस तरह से अंगों में प्लास्टिक के जमा होने का शरीर पर क्या असर पड़ता है। इसके लिए युवा और बुजुर्ग चूहों पर लैब में प्रयोग हुआ। उन्हें 3 सप्ताह तक पानी और खाने में प्लास्टिक के बारीक-बारीक टुकड़े डालकर दिए गए। इस दौरान पाया गया कि उम्रदराज चूहे भूलने लगे थे और ज्यादा चिड़चिड़े हो चुके थे। ये बदलाव चौंकाने वाला था। कई कमजोर चूहों में अल्जाइमर्स के लक्षण दिखने लगे।

### 15 लोगों की हुई हार्ट सर्जरी

अमेरिकन केमिकल सोसाइटी ने अगस्त के दूसरे सप्ताह में एक पायलेट स्टडी के नतीजे सार्वजनिक किए। इसमें इसी बात पर फोकस था कि प्लास्टिक हार्ट में पहुंचकर क्या करता है। इसके लिए 15 लोग लिए गए, जिनकी हार्ट सर्जरी हुई थी। लेजर डायरेक्ट इंफ्रारेड इमेजिंग सिस्टम की मदद से हार्ट के ऊतकों को देखा गया। इस दौरान पता लगा कि हर टिशू में 9 तरह के माइक्रोप्लास्टिक मौजूद थे। इसमें सबसे बड़ा टुकड़ा लगभग 469 मिमी का था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl